उज्जैन
मंगलवार
06
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-65
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



को-स्टार राजीव सिद्धार्थ को डेट कर रही कीर्ति कुल्हारीन्यू ईयर पर रोमांटिक फोटोज के साथ रिश्ता किया कन्फर्म, 2021 में हुआ था तलाक

पेज- 8

# बीते चार वर्षों में साइबर फ्रॉड के काला कारोबार 1124 फीसदी बढ़ा

## ठगी गई राशि को होल्ड कराने की प्रक्रिया होगी अब तेज, अत्याधुनिक कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

साइबर ठगों का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। बीते चार साल में साइबर फ्रॉड का काला कारोबार 1124 फीसदी तक बढ़ गया है। ठगों का सबसे बड़ा निशाना उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य बड़े शहरों के लोग बन रहे हैं।

इसको देखते हुए साइबर जालसाजों द्वारा ठगी गई राशि को बैंक खातों में होल्ड (बचाने) कराने की प्रक्रिया को और तेज करने के लिए मप्र साइबर पुलिस मुख्यालय में 50 सीटों वाला एक अत्याधुनिक कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जो सातों दिन 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

गौरतलब है कि मप्र में हर साल ठगों का नेटवर्क बढ़ता गया। साल 2025 में स्थिति बेहद गंभीर हो गई। उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश में 62 हजार से ज्यादा लोग साइबर ठगों के जाल में फंस गए और ठगों ने कुल 551 करोड़ रुपए उड़ा लिए। औसतन हर दिन 178 लोग साइबर ठगी का शिकार हुए और ठग रोजाना 1.51 करोड़ रुपए की रकम ऐंठते रहे। इसको देखते हुए मप्र साइबर पुलिस मुख्यालय में एक अत्याधुनिक कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई गई है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज होने के बाद मध्य प्रदेश पुलिस पीड़ितों से संपर्क करती है, जिसमें काफी कीमती समय बर्बाद हो जाता है। नए कॉल सेंटर के शुरू होने से प्रदेश से जुड़ी सभी शिकायतें सीधे भोपाल स्थित साइबर मुख्यालय पहुंचेंगी। इससे पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने का मौका मिलेगा और एक विशेष टीम तत्काल बैंकों से संपर्क कर ठगी गई राशि को फ्रीज कराने का काम करेगी।



### पीड़ित हेल्पलाइन पर सूचना दे देता है, तो पैसा होल्ड कराना आसान होता

साइबर पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि इस 24X7 कॉल सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। जैसे ही वहां से हरी झंडी मिलती है, इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस नई व्यवस्था से न केवल ठगी गई राशि वापस मिलने की उम्मीद बढ़ेगी, बल्कि साइबर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने में भी मदद मिलेगी। गौरतलब है कि साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, ठगी के शुरूआती दो घंटे गोल्डन आवर कहलाते हैं। यदि पीड़ित इस अवधि के भीतर हेल्पलाइन पर सूचना दे देता है, तो पुलिस के लिए पैसा होल्ड कराना आसान होता है। कॉल सेंटर में तैनात विशेष टीम न केवल पैसा होल्ड कराएगी, बल्कि पीड़ितों को वह राशि वापस दिलाने के लिए जरूरी कानूनी प्रक्रिया और एनओसी दिलाने में भी मदद करेगी। साइबर ठगी के खिलाफ कार्रवाई के मामले में मध्य प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2024 में ठगी गई राशि होल्ड कराने के मामले में प्रदेश देशभर में 22वें स्थान पर था, जो वर्ष 2025 में छलांग लगाकर छठवें स्थान पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष प्रदेशवासियों से 581 करोड़ रुपये की ठगी हुई, जिसमें से पुलिस की सक्रियता के चलते 137 करोड़ रुपये होल्ड कराए जा सके।

# शाजापुर में भाजपा नगर अध्यक्ष के भाई को पोस्टल कर्मी ने पीटा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर पोस्ट ऑफिस के अंदर जमकर हंगामा और मारपीट हुई। नई सड़क स्थित पोस्ट ऑफिस में एक कर्मचारी और खाताधारक के बीच विवाद इतना बढ़ा कि नौबत हाथापाई तक आ गई। पुलिस ने इस मामले में कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

शिकायतकर्ता प्रयाग नागर ने बताया कि वे दोपहर करीब पौने तीन बजे अपना खाता बंद करवाने पोस्ट ऑफिस गए थे। उन्होंने जब काउंटर पर क्लर्क मयंक भावरिया को कागज दिए, तो आरोप है कि मयंक ने दस्तावेज फेंक दिए। प्रयाग के अनुसार, वे शनिवार को भी आए थे तब उन्हें लंच का बहाना बनाकर लौटा दिया गया था। इसी बात पर जब उन्होंने आपत्ति जताई, तो कर्मचारी ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### कर्मचारी ने कहा- केवल धक्का-मुक्की हुई

दूसरी ओर, क्लर्क मयंक भावरिया का कहना है कि काउंटर बंद होने की जानकारी देने के बावजूद प्रयाग नागर ने गाली-गलौज शुरू कर दी थी। कर्मचारी ने मारपीट के आरोप को गलत बताते हुए कहा कि विवाद के दौरान केवल धक्का-मुक्की हुई थी। पोस्टमास्टर बाबूलाल ने बताया कि शोर सुनकर वे मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कलमाड़ी का 81 की उम्र में निधन एयरफोर्स में पायलट थे



**पुणे।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 81 साल के थे। कलमाड़ी को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे अंतिम सांस ली। कलमाड़ी के आधिकारिक कार्यालय के मुताबिक उनका पार्थिव शरीर दोपहर 2 बजे तक कलमाड़ी हाउस एरंडवणे में रखा जाएगा। अंतिम संस्कार दोपहर 3.30 बजे वैकुंठ श्मशान पुणे में होगा। सुरेश शामराव कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। कलमाड़ी पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद चुने गए। राजनीति के साथ-साथ वे खेल प्रशासन के लिए भी जाने जाते रहे।

## असम में भूकंप के तेज झटके, मोरीगांव केंद्र में 5.1 तीव्रता

**गुवाहाटी।** असम में भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र ब्रह्मपुत्र नदी के दक्षिणी तट पर स्थित मोरीगांव जिला बताया गया है, जबकि इसकी गहराई लगभग 50 किलोमीटर रिकॉर्ड की गई। झटके इतने स्पष्ट थे कि गुवाहाटी समेत मध्य असम के कई इलाकों में लोग नींद से जागकर घरों से बाहर निकल आए। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार राहत की बात यह है कि भूकंप के बाद अब तक किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन से जुड़े विभाग सतर्क हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि भूकंप के तुरंत बाद संबंधित अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया था और सभी जिलों से स्थिति रिपोर्ट मांगी गई।

## मोदी ट्रम्प के आगे क्यों झुक रहे, उन्हें सिर हिलाने के लिए पीएम नहीं चुना



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों को लेकर सोमवार को पीएम मोदी पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा- मैं नहीं समझ पा रहा कि मोदी ट्रंप के सामने क्यों झुक रहे हैं। यह देश के लिए ठीक नहीं है। आपको देश के लिए खड़ा होना चाहिए। देश ने आपको प्रधानमंत्री सिर हिलाने के लिए नहीं चुना। दरअसल खड़गे का बयान ट्रम्प के दावे पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि रूस से तेल आयात पर अमेरिकी नाराजगी के बाद भारत ने तेल खरीद घटाई, क्योंकि मोदी मुझे (ट्रम्प) खुश करना चाहते थे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- गलत फैसले पर जज को सजा नहीं

**भोपाल/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी रद्द कर दी। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा- सिर्फ गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती। दरअसल सुलिया को वर्ष 2014 में सेवा से हटाया गया था। तब वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खरगोन के पद पर कार्यरत थे। सुलिया पर भ्रष्टाचार और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामलों में जमानत याचिकाओं पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप था। कहा गया था कि 50 बल्क लीटर से अधिक शराब की जब्ती वाले कुछ मामलों में उन्होंने जमानत दी, जबकि ऐसे अन्य मामलों में उसी आधार पर जमानत खारिज की।

## फैमिली मैन की अभिनेत्री निमरत कौर महाकाल मंदिर पहुंचीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जानी-मानी बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री निमरत कौर मंगलवार तड़के महाकाल मंदिर की भस्म आरती में शामिल हुईं। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

द लंचबॉक्स, एयरलिफ्ट जैसी फिल्मों और फैमिली मैन वेब सिरीज में अहम भूमिका निभाने वाली निमरत कौर सुबह करीब चार बजे महाकाल मंदिर पहुंची। वे भस्म आरती में शामिल होने के लिए आई थीं। इस दौरान उन्होंने नंदी हॉल में करीब दो घंटे से अधिक समय बिताया और भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन किया। निमरत कौर ने देहरी से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया और आने वाली फिल्मों के लिए भी आशीर्वाद लिया।

# वेनेजुएला के राष्ट्रपति को न्यूयॉर्क कोर्ट में पेश किया

## मादुरो बोले- मुझे किडनैप किया, आरोपों से इनकार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयार्क

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार रात न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कोर्ट में अपने खिलाफ लगे ड्रग्स और हथियार तस्करी से जुड़े सभी आरोपों से इनकार किया।

सीएनएन के मुताबिक, मादुरो ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया और कहा कि मुझे किडनैप किया गया है। पहली सुनवाई मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा, मैं अपराधी नहीं हूं। मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं। मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। बचाव पक्ष अमेरिकी अदालतों के अधिकार क्षेत्र (ज्यूरिस्डिक्शन) को भी चुनौती देने की तैयारी में हैं। उनकी कानूनी रणनीति का मुख्य आधार यही होगा कि अमेरिकी एजेंसियों ने विदेशी जमीन पर अवैध कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### ससुराल आए युवक पर बदमाशों ने किया पथराव

**उज्जैन।** लक्ष्मी नगर में रहने वाला अमित पिता दिलीप मरमट रविवार-सोमवार रात अपने ससुराल किशनपुरा रामसहाय उस्ताद के घर आया था। उस दौरान हिमांशु गहलोत, जसवंत मालवीय, तुषार जाटवा, सचिन वाडिया, गोलू धवन और बाला धवन ने पथराव कर हमला कर दिया। बीच बचाव में अमित के रिश्तेदार सुमित, दीपक बड़गोतिया बीच बचाव में आए तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। पथराव में रामसहाय उस्ताद के खिड़की दरवाजों के कांच फूट गए और नुकसान हुआ। हमलावर अमित को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि मामला अमित मरमट और हमलावरों के बीच पुरानी रंजिश का है। अमित की शिकायत पर सभी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया गया है। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। जो लक्ष्मीनगर और आसपास क्षेत्र के रहने वाले हैं।

### कमलेश को बेस्ट पोजर और शोएब को मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडी का खिताब

**उज्जैन।** ग्वालियर में मिस्टर एमपी बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप हुई। इसमें उज्जैन के कमलेश चांगल को बेस्ट पोजर और मोहम्मद शोएब को मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडी के खिताब से नवाजा गया। राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मप्र मुख्यालय उज्जैन के राज्य चेयरमैन प्रेम सिंह यादव और राज्य अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा ने बताया प्रतियोगिता में उज्जैन के समीर अंसारी व नरेंद्र आचार्य अपने-अपने वजन समूह में गोल्ड मेडल जीता वहीं वसीम खान चौथे स्थान पर रहे। मेहता, अमित कनौजिया आदि थे। संचालन राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास ने किया।

### मोबाइल पर तीन तलाक बोलकर रिश्ता खत्म किया, प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** मोबाइल पर तीन तलाक बोलकर पत्नी से रिश्ता खत्म करने वाले इंदौर के एक युवक के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। बेगमबाग कॉलोनी में रहने वाली महिला ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई है। महिला ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2024 में इंदौर के जूनी इंदौर क्षेत्र में रहने वाले इरफान से उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद ही इरफान उससे विवाद करने लगा। उसने महिला को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना भी दी। विवाद के बाद इरफान महिला को उज्जैन स्थित उसके मायके में छोड़कर चला गया और वापस लेने नहीं आया। इसके बाद उसने मोबाइल कॉल पर तीन तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया। जिसके बाद महिला ने थाने पहुंच कर पति इरफान के खिलाफ शिकायत दर्ज की। पुलिस ने इरफान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### वकालात व्यवसाय के 50 वर्ष पूर्ण करने पर जुनेजा का सम्मान किया

**उज्जैन।** मंडल अभिभाषक संघ की वरिष्ठ अभिभाषक सदस्य किरण जुनेजा के वकालात व्यवसाय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर उनका सम्मान किया गया। संघ अध्यक्ष ओम सारवान ने बताया इस मौके पर अभिभाषक जुनेजा ने अभिभाषक संघ को विधि संबंधी पुस्तकें पदाधिकारियों व अन्य अभिभाषकों की उपस्थिति में पुस्तकालय के लिए भेंट की। उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता के अनुसार कार्यक्रम में सचिव डॉ. प्रकाश चौबे, कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सह सचिवद्वय सुमनलता चौरसिया व संदेश परिहार, कार्यकारिणी सदस्य रवि शर्मा, गुंजन गोयल, वंदना जैन कुचेरिया, आरती सिंह, भारत मालवीय, दशरथ परमार, ममता जोशी, प्रभा बैरागी, कैलाश नागर, नसीम भटनागर, अजयशंकर जोशी, निर्दोष निर्भय, गौरव शर्मा, प्रदीप जायसवाल, गजेंद्र कुशवाह, अजीत वर्मा, रचना व्यास, रजनी पटेल, विष्णु दीक्षित, याचना श्रीवास्तव, इमरान खान, यश शर्मा, मोहित शर्मा, श्रेया चैहान, शिवानी पांचाल, गौरव मेहता, दिलप्रीत जुनेजा सहित अभिभाषक सदस्य मौजूद थे।

# 75 लाख रु. से संवर रहा नगर वन- नक्षत्र वाटिका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



वार्ड 54 अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना मद से करीब 75 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे नगर वनञ्जनक्षत्र वाटिका का निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर है। सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुंचकर शेष बचे कार्यों का निरीक्षण किया। महापौर ने बताया कि जिस स्थान पर पूर्व में नर्सरी और लकड़ियों का भंडारण होता था, उसी लगभग 1 लाख 5 हजार वर्गफीट (करीब 4.5 बीघा) क्षेत्र में नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा कायाकल्प करते हुए नगर वन और नक्षत्र वाटिका विकसित की गई है। 8 से 10 हजार पौधे लगाए गए हैं। साथ ही यहां एक्युप्रेशर पाथ, सेल्फी प्वाइंट, गजीबो, पाथवे, प्राकृतिक जंगल, बच्चों के लिए झूले, ओपन जिम उपकरण जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। नक्षत्र वाटिका में राशि और ग्रहों के अनुसार पौधारोपण भी किया गया है।

### उज्जैन में अब लग रहे सोलर ट्रैफिक सिग्नल

# सिंहस्थ की तैयारी, एआई से नियंत्रित होंगे बिजली जाने पर भी नहीं रुकेगा ट्रैफिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में अब ट्रैफिक सिग्नल सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। इससे बिजली गुल होने पर भी यातायात व्यवस्था बाधित नहीं होगी, जिससे चौराहों पर लगने वाले जाम और अफरा-तफरी से निजात मिलेगी।

सिंहस्थ 2028 और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उज्जैन की यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में सौर ऊर्जा से चलने वाले ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए हैं। नानाखेड़ा स्थित सी-21 मॉल के सामने लगे सिग्नल सहित चार अन्य स्थानों पर इनकी शुरूआत की गई है। ये सिग्नल फिलहाल टेस्टिंग मोड में हैं और जल्द ही पूरी तरह चालू हो जाएंगे।

पुलिस मुख्यालय की पहल पर यह योजना प्रदेश के पांच शहरों - उज्जैन, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में लागू की गई है। उज्जैन में पहले चरण में चार प्रमुख चौराहों पर सोलर पैनल से संचालित ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने जानकारी दी कि घासमंडी सांदीपनि चौराहा, सी-21 मॉल के सामने नानाखेड़ा, दौलतगंज चौराहा और खाकचौक चौराहा पर सोलर पावर से चलने वाले सिग्नल लगाए गए हैं। इन सिग्नलों में बैटरी बैकअप भी है, जिससे बिजली कटौती के दौरान भी ये लगातार चालू रहेंगे।

प्रत्येक सोलर ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना पर लगभग 14 लाख रुपए की लागत आई है। इन चार नए सिग्नलों के जुड़ने से उज्जैन में अब कुल ट्रैफिक सिग्नल पॉइंट की संख्या 20 हो गई है, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारु तथा सुरक्षित होने की उम्मीद है।

इन सिग्नलों की एक प्रमुख विशेषता यह है कि ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से लैस हैं। सिग्नल पर लगे कैमरों के माध्यम से यह सिस्टम वाहनों के दबाव का आकलन करेगा और जिस दिशा में वाहनों की संख्या अधिक होगी, उस दिशा में ग्रीन सिग्नल का समय स्वतः बढ़ा देगा।

# आदर्श नगर में सीवर लाइन कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अमृत 2.0 योजना के तहत आदर्श नगर कॉलोनी में चल रहे सीवरेज प्रोजेक्ट के अंतर्गत सीवर लाइन के कार्यों का सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के चलते क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के समय जल कार्य एवं सीवरेज विभाग के प्रभारी सदस्य प्रकाश शर्मा, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता उपस्थित रहे।

महापौर ने कहा कि सभी कार्य जिम्मेदारी और तय मानकों के अनुसार किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी सीवर लाइन का कार्य हो रहा है, वहां पार्षदों को पूर्व सूचना दी जाए, ताकि उनके सहयोग से नागरिकों से समन्वय बनाकर कार्य को समय पर किया जा सके। आईसी चेंबर निर्माण और सड़क पुनर्स्थापन का कार्य गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश भी दिए।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान में ट्रैफिक पुलिस का एक्शन

# 45 गाड़ी लगी थी ब्लैक फिल्म, 14 ने लगा रखे थे अवैध हूटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान में ट्रैफिक पुलिस फिर से मैदान में आ गई है। सोमवार को अभियान में सख्त एक्शन लिया गया। 45 गाडियों में ब्लैक फिल्म लगी हुई मिली। 14 ने हूटर लगा रखा था। 35 वाहनों पर नियम विरूद्ध नम्बर प्लेट लगी हुई मिली।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि एएसपी आलोक शर्मा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान में हरिफाटक ब्रिज चौराहा पर चैकिंग पाइंट लगाया गया था। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और यातायात को सुव्यवस्थित करना था। चैकिंग पाइंट पर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चैक किया गया। इस दौरान 45 चार पहिया वाहनों के शीशों पर अवैध रूप से लगी ब्लैक फिल्म मिली। जिन्हे संबंधित वाहन स्वामियों की मौजूदगी में हटवाया गया और प्रत्येक के खिलाफ 500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। चैकिंग में 14 गाडियों पर अनाधिकृत रूप से लगाये हूटर होना सामने आये। सभी को निकलवाने के साथ एक-एक हजार का जुर्माना किया गया। 35 वाहन चालक मोटरयान नियमों के विपरित गलत नम्बर प्लेट लगाये हुए थे। कई वाहनों की नम्बर प्लेट ऐसी थी, जिसमें नम्बरों की जगह शब्दों का उपयोग हो रहा था। कुछ डिजाइन में लगी हुई थी। सभी को सही नम्बर प्लेट लगवाने की हिदायत दी गई और 500 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। डीएसपी परिहार ने बताया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड करने वालों के खिलाफ आगे भी चैकिंग अभियान जारी रहेगा।

उज्जैन
मंगलवार
06
जनवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणाः।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत्॥
**अर्थः** अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं। इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है।

## खबर एक नजर...

### घरेलू गैस के अवैध इस्तेमाल पर कार्रवाई, 40 सिलेंडर जब्त

**इंदौर।** जिले में बगैर कनेक्शन के कमर्शियल गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध इस्तेमाल के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को महू और देपालपुर क्षेत्र के कई ढाबों व रेस्टोरेंट्स पर छापेमारी कर 40 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू ने बताया कि खाद्य विभाग की दो टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर जांच कर घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग और बिना अधिकृत कनेक्शन के कमर्शियल सिलेंडरों के इस्तेमाल के मामले पकड़े। कार्रवाई के दौरान देपालपुर क्षेत्र के इंडियन ढाबा और बालाजी रेस्टोरेंट से 14.2 किलोग्राम क्षमता के 6 सिलेंडर, जबकि महू क्षेत्र के विभिन्न ढाबों और रेस्टोरेंट्स से 19 किलोग्राम क्षमता के 34 सिलेंडर जब्त किए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सभी संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं।

### भेरू घाट के यू टर्न पर फंस गया कंटेनर, एक लेन पूरी तो दूसरी आधी बंद, 6 घंटे रहा जाम



**इंदौर।** खंडवा रोड स्थित भेरू घाट पर हर हफ्ते 3 से 4 बार जाम लगना आम हो चुका है। हालात ये हैं कि जाम लगते ही 5 से 6 घंटे के लिए वाहन फंस जाते हैं। सोमवार दोपहर भी ऐसा ही हुआ। यहां बड़े यू टर्न पर एक कंटेनर फंस गया। इससे एक तरफ की लेन पूरी तरह से तो दूसरी लेन आधी बंद हो गई। स्थिति ऐसी बिगड़ी कि क्रेन को पहुंचने में भी घंटों जद्दोजहद करना पड़ी। भेरू घाट पर इंदौर से खंडवा तरफ जाने के लिए एक कंटेनर निकला। बड़े टर्न पर नियम अलग होता है। घाट सेक्शन में सामने से आने वाले वाहन लेफ्ट साइड में तो सीधे जाने वाले राइट साइड में चलते हैं। राइट साइड पर यह कंटेनर निकला, लेकिन एस आकार के यू टर्न पर मुड़ नहीं पाया और सीधा सामने वाली लेन में अटक गया। इससे दोनों तरफ की लेन पूरी तरह बंद हो गई। फिर धीरे-धीरे जाम लगना शुरू हुआ और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें तलाई नाका और नीचे शारदा ढाबे तक पहुंच गईं। इसमें बसें, कार, जीपें, ट्रक सहित सैकड़ों वाहन फंसे रहे।

### यात्री बसों में नहीं लगा था फायर डिटेक्शन सिस्टम, 7 बसें जब्त

**इंदौर।** यात्री वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर सोमवार को आरटीओ की टीम ने तीन इमली बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में बसों की जांच की। जिन बसों में फायर मानकों, फायर डिटेक्शन सिस्टम और फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम नहीं मिले, आपातकालीन एग्जिट नहीं था, ऐसी 7 बसों को जब्त किया गया। इनमें तीन स्लीपर कोच बसें भी शामिल हैं।अब इन बसों के परमिट निरस्त किए जा रहे हैं। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया एक बस बिना परमिट चल रही थी। उसे जब्त किया। एक बस का फिटनेस निरस्त किया है। जांच अभियान एआरटीओ राजेश गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।

### इंदौर के भागीरथपुरा में अब दो बच्चों के शरीर पर दाने वाली बीमारी

# सबसे पहले 2 बच्चों में मिले थे हैजा जैसे सिम्टम्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 17 लोगों की मौत हो गई है। आईसीयू में 15 मरीज एडमिट हैं, जिनमें से 2 की हालत क्रिटिकल बताई जा रही है। कुल एडमिट मरीजों की संख्या 110 है, जबकि एक हफ्ते पहले एडमिट मरीजों की संख्या 398 थी।

इस बीच एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया है कि समय रहते बच्चों में हैजा जैसे सिम्टम्स पता चल गए, नहीं तो स्थिति कुछ और हो सकती थी। सबसे पहले भागीरथपुरा के दो बच्चों में हैजा जैसे सिम्टम्स मिले थे। पहला बच्चा 28 दिसंबर को सरकारी अस्पताल में एडमिट किया गया था। सरकारी लैब में उसकी जांच के दौरान हैजा जैसे लक्षण मिलने की पुष्टि हुई थी। दो दिन बाद 30 दिसंबर को एक और बच्चे को एडमिट कराया गया। परिजनों ने डॉक्टर को



उसकी जांच रिपोर्ट दिखाई। उसमें भी हैजा जैसे सिम्टम्स पाए गए। इसी बीच बड़ी संख्या में लोगों के एडमिट होने और मौतों की संख्या सामने आने लगी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दूसरी ओर, भागीरथपुरा में अब बच्चों में गंदे पानी से स्किन प्रॉब्लम की शिकायतें भी सामने आने लगी हैं।

सैंपल की जांच में फीकल कॉलिफॉर्म, ई-कोलाई, विब्रियो और प्रोटोजोआ जैसे खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए हैं। इसमें पानी में हैजा फैलाने वाला विब्रियो कोलेरी भी मिला है, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट में सिर्फ बैक्टीरिया बताया है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि पानी में जिस तरह के बैक्टीरिया मिले है, इसका मतलब साफ है कि पानी में सीपेज मिल रहा था।

### 20 बच्चे हुए बीमार, अब तक 10 डिस्चार्ज

- बच्चों में हैजा जैसे सिम्टम्स पता चलने के बाद डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीरता से लिया। दोनों का लाइन ऑफ ट्रीटमेंट एक जैसा शुरू किया। लगातार एक के बाद एक 20 बच्चों को सरकारी चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अब इनमें से 10 डिस्चार्ज हो चुके हैं। 10 का उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम 24 घंटे मॉनिटरिंग कर रही है। इनमें से 4-5 को जल्द डिस्चार्ज किया सकता है। बता दें, 5 माह के अव्यान की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई थी।

### ...तो फिर हरकत में आया सरकारी तंत्र

- 29 दिसंबर की रात एडमिट मरीजों की संख्या 35 बताई गई थी जबकि इसके पूर्व 24 दिसंबर से मरीजों का अलग-अलग अस्पतालों में एडमिट होने का सिलसिला शुरू हो गया था और 150 से ज्यादा मरीज एडमिट हो चुके थे जो बढ़कर 398 हो गए थे। इन मरीजों में भी हैजा जैसे लक्षणों को लेकर तुरंत कंट्रोल हो इस पर सभी अस्पतालों में फ्री इलाज शुरू हुआ था।

### कलेक्टर-सीएमएचओ ने कही थी बैक्टीरिया की बात

- उधर, कलेक्टर शिवम वर्मा और सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने तीन दिन पहले एमजीएम मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट में पानी में बैक्टीरिया की बात कही थी लेकिन कौन सा बैक्टीरिया है, यह नहीं बताया था। उन्होंने कहा था कि कल्चर रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि पानी में कौन सा बैक्टीरिया है।

# भागीरथपुरा में उल्टी-दस्त के 38 नए मरीज मिले

## 6 रेफर किए, 3 याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज, कांग्रेस निकालेगी कैंडल मार्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में उल्टी-दस्त के 38 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 6 मरीजों को अरबिंदो हॉस्पिटल रेफर किया गया है। सभी मरीज सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे।

बता दें, दूषित पानी पीने से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। अभी अस्पतालों में 110 मरीज भर्ती हैं। अब तक कुल 421 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती किया जा चुका है। इनमें से 311 मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। आईसीयू में 15 मरीजों का इलाज चल रहा है।

इस मामले को लेकर एमपी हाईकोर्ट में दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होगी। वहीं, कांग्रेस शहर के सभी 85 वार्डों में कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन करेगी।



**घर-घर सर्वे के लिए 200 टीमें तैनात-** इंदौर सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने बताया कि 200 टीमें घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं। अब तक 2,745 घरों में सर्वे कर लगभग 14 हजार लोगों से संपर्क किया जा चुका है। प्रभावित क्षेत्र में 5 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। एमवाय अस्पताल, अरबिंदो अस्पताल और चाचा नेहरू अस्पताल में डॉक्टरों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है।

### हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर दो जनहित याचिकाओं समेत तीन याचिका दायर की गई हैं...

- **पहली याचिका:** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश इनानी ने लगाई है।
- **दूसरी याचिका:** पूर्व पार्षद प्रमोद द्विवेदी की ओर से वकील मनीष यादव ने लगाई है।
- **तीसरी याचिका:** भागीरथपुरा के वरुण गायकवाड़ की ओर से एडवोकेट अभिनव धनोतर ने एक याचिका दाखिल की है।
- **क्या है तीनों याचिकाओं में:** पहली और दूसरी याचिका में प्रभावित लोगों का मुफ्त इलाज और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई है। वहीं, तीसरी याचिका में मीडिया रिपोर्टिंग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

इसे लेकर पिछली सुनवाई में शासन और नगर निगम की ओर से जो जवाब दिए गए उन पर हाईकोर्ट ने असंतोष जताया था। कोर्ट ने कहा था कि इसकी डिटेल्ड रिपोर्ट पेश करें। इसी पर आज सुनवाई है। 2 जनवरी को हुई सुनवाई में बताया गया था कि अब तक कुल 4 मौतें हुई हैं। वहीं, नगर निगम ने अलग से स्टेटस रिपोर्ट पेश की थी।

# हिंदू संगठनों ने युवती संग कश्मीरी युवक को पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

निजी ट्रैवल्स में काम करने वाली एक युवती को हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पलासिया स्थित किराए के मकान से जम्मू-कश्मीर के युवक इम्तियाज अहमद मलिक के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। दोनों कई वर्षों से एक ही ट्रैवल्स में काम करते थे और सहमति से साथ रह रहे थे।



बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ताओं की सूचना पर दबिश देकर दोनों को थाने लाया गया, जहां युवती ने युवक के खिलाफ एफआईआर कराने से इंकार कर दिया। बाद में पुलिस ने इम्तियाज पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की और उसे जेल भेजा। इम्तियाज हम्मालों की यूनियन चलाता है, जबकि युवती मूलतः बड़वानी की रहने वाली है। इधर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के आरोप थे कि इम्तियाज पहले से शादीशुदा है। उसके परिवार में 4 बच्चे हैं और अपनी पी के अलावा उसकी एक अन्य महिला से भी दोस्ती है। लेकिन युवती ने उसे लेकर पुलिस को एफआईआर करने से ही इंकार कर दिया।

### आपके खाते में जमा हुए हैं 6 करोड़ रुपए, इंदौर में बुजुर्ग महिला को किया डिजिटल अरेस्ट

# रुपए भेजने बैंक गई, मैनेजर की सतर्कता ने ठगी से बचाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के कल्याण संपत क्षेत्र में रहने वाली 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला को उसकी बेटी और बेटे की सूझबूझ से डिजिटल अरेस्ट ठगी का शिकार होने से बचा लिया गया। ठगों ने खुद को अधिकारी बताकर महिला को डराया और 4 लाख रुपए ट्रांसफर कराने की कोशिश की थी।

स्टेट साइबर सेल के डीएसपी नरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि कनाडिया क्षेत्र में रहने वाली बुजुर्ग महिला अपनी बेटी के साथ रहती हैं।

शनिवार को बेटी के घर से बाहर जाने के बाद महिला के पास एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया।

उसने कहा कि महिला के बैंक खाते में 6 करोड़ रुपए जमा होने की जानकारी मिली है और इसी मामले में अब आपकी गिरफ्तारी होगी।



- **किसी से बात न करने का बनाया दबाव-** नकली अधिकारी ने महिला को किसी से भी बात न करने की हिदायत दी और कॉल डिस्कनेक्ट न करने का दबाव बनाया। इसके बाद उसने महिला से एटीएम कार्ड की जानकारी मांगी। महिला ने बताया कि एटीएम कार्ड उनकी बेटी के पास रहता है। इसके बाद आरोपी ने बेटी के एटीएम कार्ड का फोटो भेजने को कहा। बेटी मीटिंग में होने के कारण कुछ देर बाद भेजने की बात कहने लगी। जब उसने फोटो मांगने का कारण पूछा तो बुजुर्ग महिला ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।
- **बैंक जाकर 4 लाख रुपए फ्ळ्र्क्ष करने का दबाव-** इसके बाद नकली सीबीआई अफसर ने महिला पर बैंक जाकर 4 लाख रुपए फ्ळ्र्क्ष करने का दबाव बनाया। साथ ही कहा कि अगर किसी को बताया तो मामला और बिगड़ जाएगा। आरोपी ने महिला से मोबाइल चालू रखने और बैग में रखने के लिए कहा। बैंक पहुंचकर बुजुर्ग महिला ने मैनेजर से 4 लाख रुपए ट्रांसफर करने की मांग की।
- **बैंक मैनेजर की सतर्कता से बची बड़ी ठगी-** बुजुर्ग महिला के बेटे के किसी अन्य बैंक में बड़े पद पर होने की जानकारी होने पर बैंक मैनेजर को शक हुआ। मैनेजर ने तुरंत महिला के बेटे से संपर्क किया। बेटे ने पैसे ट्रांसफर करने से साफ मना कर दिया और बहन से बात की। इसके बाद परिवार ने स्टेट साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

## खबर एक नजर...

### साहित्य सम्मेलन में शामिल हुई अनामिका सखी मराठी साहित्य संस्था की सखियां

**उज्जैन।** 1 जनवरी से 4 जनवरी तक सतारा महाराष्ट्र में संपन्न हुए अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में उज्जैन की,₹अनामिक सखी मराठी साहित्य संस्था ₹की सखियां कवियत्री सरिता ठाकरे एवं सुनीता केलकर ने शिरकत कर अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। सम्मेलन में वरिष्ठ कवि, साहित्यकार सम्मिलित हुए।

### प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष उज्जैन दौरे पर

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख अलीम आज 6 जनवरी को उज्जैन जिले के दौरे पर रहेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग के नौशाद खान ने बताया कि शेख अलीम सुबह 11 बजे महिदपुर में तथा दोपहर 1 बजे नागदा में कार्यकताओं से मुलाकात कर राजनीतिक विषय पर चर्चा करेंगे।

### राहुल बारोड खेलो इंडिया बिच गेम्स 2026 दमन एवं दीव में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** श्री राज राजेंद्र जयंतसेन सूरी शिक्षा महाविद्यालय के खेल अधिकारी अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय निर्णायक राहुल बारोड का चयन दीव के घोघला बीच में आयोजित हो रही खेलो इंडिया बीच गेम्स में बीच मल्लखंब खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है।

यहां मल्लखंब की प्रतियोगिता 4 से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित हो रही है। श्री बारोड पूर्व में कई खेलों इंडिया एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष पारसचंद जैन पूर्व केबिनेट मंत्री, निदेशक डॉ बी के मेहता, प्राचार्य डॉ विद्या जोशी, नरेंद्र गर्ग, विश्वामित्र अवार्डी मोहन लाल धाकड़ ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी शेखर पाठक एवं श्री अविनाश ललावत द्वारा दी गई



# शीतलहर ने कंपकपाया, कोहरा छाया

## सामान्य ऊनी वस्त्र भी कमजोर साबित हो रहे, सूई की तरह चूभ रही ठंडी हवाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**अधिकतम तापमान फिर उपर की ओर आया,न्यूनतम नीचे रूढका**

सप्ताह की शुरूआत में अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा एक बार फिर 3 डिग्री के लगभग उपर चढा है। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री गिरावट के साथ दर्ज किया गया है। शीतलहर ने आमआदमी को कपकपा कर रख दिया है। ओस एवं कोहरे से होकर आ रही ठंडी हवाएं सूई की तरह चूभने वाली लग रही है। ऊनी वस्त्र भी कमजोर साबित हो रहे हैं।

सप्ताह के प्रारंभिक दिन सोमवार को एक बार फिर दिन में ही शीतलहर का प्रकोप रहा है। सुबह ओस के साथ कोहरा छाया रहा था जिससे ठंडी हवाओं का जोर रहा है। दिन के समय आसमान में सूर्य की गर्मी कमजोर ही रही है। ठंडी हवाओं के सामने सामान्य ऊनी वस्त्र कमजोर साबित हो रहे हैं। ऊनी वस्त्र पहनने के बाद भी आमजन को कपकपी घेर रही है। ठंडी हवाओं के झोके आते ही शरीर में चूभन सी महसूस हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ उत्तर के पहाड़ों में बर्फबारी का दौर जारी है। इसी के चलते ठंडी हवाओं का प्रकोप बराबर बढ रहा है। शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सोमवार को सुबह न्यूनतम तापमान एक दिन पूर्व 11.4 डिग्री के विरूद्ध करीब 2 डिग्री गिरावट के साथ 9.5 डिग्री दर्ज किया गया है। इसकी अपेक्षा दिन का अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व 19 डिग्री के विरूद्ध 3.5 डिग्री की बढत के साथ 22.5 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। आर्द्रता सुबह 88 एवं शाम को 65 प्रतिशत दर्ज की गई है। सुबह 4 एवं शाम को 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली ठंडी हवाओं ने आमजन को कपकपा कर रख दिया है।



### आवारा कुत्ते ,मवेशी भी प्रभावित-

ठंडी एवं चूभन वाली हवाओं से मानव तो प्रभावित हो रही रहे हैं इनके साथ ही आवारा कुत्ते एवं मवेशी भी प्रभावित हो रहे हैं। सोमवार को दिन में ही आवारा कुत्ते कोने कुचाले में घुसकर गर्म स्थानों पर दुबके हुए रहे। अलाव के आसपास की जगहों पर भी जाकर चुपचाप बैठे रहे। अधिकांश कुत्ते चौपहिया वाहनों के नीचे दुबके देखे गए। आवारा मवेशी भी बराबर ऐसे स्थान पर बैठे देखे गए जहां उन्हें गर्मी का अहसास होता रहे।

# ग्वालियर में उज्जैन के कमलेश चांगल बेस्ट पोजर एवं शोएब बेस्ट मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडी के खिताब से नवाजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन के तत्वाधान में ग्वालियर जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन एवं जीवाजी क्लब द्वारा 3 लाख केश प्राइज चंबल श्री मिस्टर एमपी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य ऐतिहासिक आयोजन किया गया.. राज्य चेयरमैन प्रेम सिंह यादव एवं पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज राज्य अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि... प्रदेश की 33 जिला इकाइयों के 250 से भी अधिक साधकों ने संगीत की धुन पर थिरकते हुए राष्ट्रभक्ति, स्वच्छता ,देश प्रेम, सद्भावना की अलख जगाकर व्यायाम से जुड़ने का संदेश प्रदान किया...कड़कड़ाती शीत लहर में मध्य रात्रि तक बॉडी बिल्डर ने मांस पेशियों के माध्यम से खेल प्रेमियों को शानदार खेल की दावत दी

ग्वालियर में आयोजित स्पर्धा में उज्जैन को दो खिताब प्राप्त करने में सफलता अर्जित की ....बेस्ट पोजर का खिताब उज्जैन के कमलेश चांगल ने हासिल किया

मोस्ट इंप्रूवड बॉडी का खिताब उज्जैन के मोहम्मद शोएब ने जीता वही समीर अंसारी व नरेंद्र आचार्य अपनी अपनी वेट ग्रुप में गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब रहे वही वसीम खान 4ई स्थान पर रहे...स्पर्धा के निर्णायक,अतिन तिवारी, इंजीनियर गजेंद्र मेहता, अमित कनौजिया, उज्जैन आशीष टोंक, माज कुरेशी,गोविंद भोपाल , रेहान शेख देवास, मोहम्मद साजिद नीमच थे

मार्शल की भूमिका में अभिषेक तोमर नामित सक्सेना मुरैना रहे.. तकनीकी सहयोगी सलमान पठान थे

स्पर्धा का राष्ट्रीय भावना युक्त प्रभावी संचालन राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके उज्जैन ने किया ...स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ,मनोज आचार्य इंजीनियर मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग थे... श्री प्रदीप सिंह तोमर कहा कि युवा तरुणाई की मेहनत और पसीना ही भारत माता का पूजन अर्चन है..




### मध्य प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष बनने पर नारायण यादव का किया सम्मान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष बनने पर मुख्यमंत्री के बड़े भाई नारायण यादव जी का आंजना परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

उज्जैन मध्य प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष बनने पर आंजना परिवार ग्राम कुंवारिया की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव जी का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर प्रकाश यादव जी कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सम्मान किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामेश्वर जी आंजना ईश्वर सिंह आंजना पदम सिंह आंजना संजू सिंह आंजना श्याम यादव संतोष यादव ओम प्रकाश यादव जीवन सिंह आंजना कैलाश यादव मोहन आंजना आदि लोग उपस्थित रहे संपूर्ण ग्राम वासियों ने ढोल नगाड़ों की थाप के साथ एवं पुष्प वर्षा वर्षा कर अतिथियों का स्वागत सत्कार किया स्वागत सत्कार के बाद भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

# त्रिपाठीजी भारतीय काव्य शास्त्र के उद्भट विद्वान थे- आचार्य बालकृष्ण शर्मा

### आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी स्मरण प्रसंग एवं पूर्व आईजी डॉ. पन्नालाल जी की तीन कृतियों का लोकार्पण हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्लैसिकी शोध संस्थान एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी स्मरण प्रसंग एवं पूर्व आई.जी. डॉ. पन्नालाल की तीन कृतियों का लोकार्पण महाश्वेतानगर में एक भव्य समारोह में हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व कुलगुरु डॉ. मोहन गुप्त ने कहा कि जिसमें जैसी श्रद्धा होती है वह वैसा ही हो जाता है और त्रिपाठी जी ने अनौपचारिक आलोचना का सूत्रपात किया। आज उनके विचार यहीं पर स्थित होकर न रह जाए बल्कि अगली पीढ़ी को संक्रांत करके जाएँ। सारस्वत अतिथि पूर्व कुलगुरु आचार्य डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि त्रिपाठी जी भारतीय काव्य शास्त्र के उद्भट विद्वान थे और आचार्यों की परंपरा में विलक्षण थे जो एक गहरी चिंतनधारा ,परम्परा से जुड़े थे। विशेष अतिथि सम्राट विविवि कार्यपरिषद सदस्य राजेशसिंह कुशवाह ने कहा कि उज्जैन तपस्वियों और मनीषियों की नगरी रही है तथा उन्हें याद करना हमारा कर्तव्य है। प्रमुख वक्ता कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि त्रिपाठी जी प्राचीन शास्त्रों के पुनर्व्याख्याकार थे और वे शब्द शक्ति एवं रस विचार के अप्रितम व्याख्याकार थे। पूर्व आईजी डॉ. पन्नालाल की तीन पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए अतिथियों ने कहा कि इन पुस्तकों में डॉ. पन्नालाल जी के प्रशासनिक अनुभवों का निचोड़ है जिससे नए प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। लेखक डॉ. पन्नालाल ने , त्रिपाठी जी को स्मरण करते हुए उनकी सादगी और विद्वता कीं चर्चा की।

विषय प्रवर्तन मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष आचार्य प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने करते हुए त्रिपाठी जी से जुड़े रोचक संस्मरण प्रस्तुत किए। आचार्य प्रो. शैलेन्द्र पाराशर, तुलसी मनवानी ने भी समारोह में अपने विचार व्यक्त किये। आरम्भ में त्रिपाठी जी के चित्र पर माल्यार्पण और पंडित राजेश रावल की सरस्वती वंदना से आयोजन आरम्भ हुआ। अतिथि स्वागत शाल एवं पुष्प माला से आचार्य हरिमोहन बुधौलिया द्वारा एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह ,प्रफुल्ल शुक्ल आदि ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में सुधि साहित्यकार उपस्थित रहे जिनमें संदीप कुलश्रेष्ठ, अखिलेश अखिल, विनोद काबरा, अमिताभ त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. पांखुरी वक्त और आभार डॉ. हरीशकुमार सिंह ने व्यक्त किया।



## खबर एक नजर...

### दिल्ली में हुआ उज्जैन के डॉ दिल्लीवाल का सम्मान

**उज्जैन।** दिल्ली में आयोजित समारोह में उज्जैन के प्रतिष्ठित पीरियोडॉन्टिस्ट डॉ. हितेश दिल्लीवाल को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, समर्पण एवं असाधारण योगदान के लिए आउटस्टैंडिंग एक्सीलेंस इन द फील्ड ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी मध्यप्रदेश सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ दिल्लीवाल को यह गौरवपूर्ण सम्मान प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री के द्वारा प्रदान किया गया। डॉ दिल्लीवाल को मिला यह सम्मान सेवा, समर्पण का सम्मान है। यह सम्मान गर्व के साथ प्रेरणा का है।

### आईपीएस वर्मा को हटाने के विरोध में महिला मंडल की रैली 13 जनवरी को

**उज्जैन।** सरकार द्वारा आईपीएस अधिकारी संतोष वर्मा को पद से हटाए जाने के विरोध में लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उज्जैन के अशोक विहार क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजन की गई। भारतीय बौद्ध महासभा के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय बौद्ध महासभा एवं प्रबुद्ध महिला संगठन के नेतृत्व में संयुक्त संगठनों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगलवार, 13 जनवरी 2026 को शासन द्वारा संतोष वर्मा को कृषि विभाग के पद से बर्खास्त किए जाने के विरोध में महिला मंडल द्वारा रैली निकाल कर कोठी पैलेस, उज्जैन पर दोपहर 12:30 बजे समस्त माता-बहनों द्वारा धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसको लेकर महिला मंडल द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस अहम बैठक में भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष आर.आर. जवादे, अजाक्स के अध्यक्ष रतनलाल परमार, अजेक्स के कार्यकारी अध्यक्ष दरियाव सिंह गहलोत, कल्पना कुंभारे, लक्ष्मी गोलघाटे, वसुंधरा साठे सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साधारण सभा में सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न प्रस्तावों पर हुआ मंथन

### संस्था की गतिविधियों के विस्तार देने के लिए नए पदाधिकारी का शीघ्र होगा चयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




स्थानीय महाप्रभुजी की बैठक सांदीपनी आश्रम में संत सत्कार समिति की साधारण सभा अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी के नेतृत्व में एवं संस्था सचिव सचिन भगवान शर्मा ने संचालन मैं हुवी संरक्षकद्वय प्रकाश चित्तौड़ा एवं राजेंद्र शर्मा गुरु के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संजोजक महेश गुप्ता ने बताया कि विट्ठल नागर, दीपक राजवानी डॉ. अशोक खंडेलवाल, उमेश गुप्ता एवं दिनेश रावल ने आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए संस्था की गतिविधियों को विस्तार देने व उनका व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए नए पदाधिकारी का सुझाव दिया जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार करते हुए श्री शीघ्र ही संत सत्कार समिति में प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सुलझे हुए व्यक्ति को देने की मंजूरी दी अतिथि अरविंद जैन, सरोज अग्रवाल, खेमजी भाई चंदन एवं वी. एस. राठौड़ ने सुझाव दिया कि हमें संतों के साथ ऐसी विभूतियों को भी सम्मानित करना चाहिए जो सनातन की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं जिसे स्वीकृत करते हुए संस्था सचिव भगवान शर्मा को एक समिति गठित कर इसकी विस्तृत रूपरेखा बनाकर आगामी बैठक में रखने के लिए अधिकृत किया। दिनेश महाजन, आशीष चौहान, सी.के.चतरथ, चिंतामन राठौड़, सुभाष दुबे, रवि मूले कैलाश मूंदड़ा, ओम पाटीदार, फूलसिंह जौहरी ने भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव दिए जिन्हें मूर्तरूप देने की सभी ने सहमति दी।

## शोभायात्रा के साथ हुई श्रीराम कथा की पूणार्हुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भागवत सत्संग समिति, दमदमा द्वारा 8 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन दुर्गा माता मंदिर, कम्युनिटी हॉल, दमदमा में किया गया। जिसकी पूणार्हुति पर 4 जनवरी को शोभायात्रा निकाली गई।

संरक्षक वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र वशिष्ठ, दुर्गा माता मंदिर समिति अध्यक्ष कैलाश मालवीय, उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि कथा व्यास पं. दर्पण गोपाल कृष्ण शर्मा द्वारा 8 दिनों तक भक्तों को कथा का रसपान कराया गया। कथा के अंतिम दिन 4 जनवरी को रावण वध श्रीराम राज्य स्थापना की कथा सुनाई। पूणार्हुति के पश्चात महाप्रसादी भण्डारा का आयोजन हुआ। कथा में प्रमुख यजमान पं. सत्यनारायण शर्मा, श्यामा शर्मा (महाकाल वाणिज्य), कमल विश्वकर्मा, भगवती विश्वकर्मा रहे। कथा समापन पर महाआरती हुई तथा शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

कथा में दिखाई दी गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल

दमदमा में हुई श्री राम कथा में क्षेत्र की मस्जिद कमेटी द्वारा व्यासपीठ का पूजन कर महाराजश्री का स्वागत किया। राजेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि दमदमा में विगत 23 वर्षों से हो रहे धार्मिक अनुष्ठान में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिलती है। इस वर्ष भी मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा कमेटी की और से महाराज जी का स्वागत किया।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



5.1.2026 को प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन सावन भादो माता मंदिर, चामुण्ड माता मंदिर के पास वाले प्रांगण में श्री एन.एस. राठौर से.नि. डिप्टी कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के प्रारंभ में एसोसिएशन के संरक्षक श्री एन.एस. राठौर एवं जिलाध्यक्ष श्री अशोक जैन द्वारा सभी सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ प्रेषित की ।

सर्वप्रथम नवीन सदस्य श्री देवीप्रसाद शर्मा, से.नि. निरीक्षक सी.आर.पी.एफ. एवं श्री अर्जनसिंह चौहान से.नि. रेल्वे कर्मचारी संघ का सदस्य बनने पर संभागीय अध्यक्ष श्री दुबे एवं जिला अध्यक्ष श्री अशोक जैन द्वारा उनको सम्मानित किया गया। संगठन मंत्री श्री सुरेन्द्र कुमार गौड़, श्री विक्रम सिंह अध्यक्ष तहसील उज्जैन द्वारा 17.12.25 को आयोजित पेंशनर डे का आय-व्यय का हिसाब बैठक में रखा गया। बैठक में सर्व सम्मती से जिला की अस्थाई नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे उपाध्यक्ष - श्री बाबूलाल शर्मा, नवीन शर्मा, कोषाध्यक्ष - देवप्रसाद शर्मा, सचिव - प्रकाश शर्मा, सह सचिव - विक्रम सिंह चौहान को मनोनीत किया गया। संभागीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यचक्ष संभाग एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों से समन्वय कर जिले एवं तहसील स्तर पर संगठन को बनाये यह निर्णय हुआ । अन्त में आभार प्रदर्शन श्री जगदीश कारपेंटर द्वारा व्यक्त किया गया ।

## उज्जैन सीए बॉक्स क्रिकेट लीग-सीजन 2 का आयोजन




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सीए आक्रित जैन (चेयरमैन), उज्जैन सीए शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन सीए बॉक्स क्रिकेट लीग झ सीजन 2 का आयोजन दिनांक 4 जनवरी, रविवार को श्री माधव क्लब टर्फ, उज्जैन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस रोमांचक टूनार्मेंट में 50 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस क्रिकेट लीग का मुख्य उद्देश्य सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों के बीच आपसी बॉन्डिंग, नेटवर्किंग को बढ़ावा देना तथा उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करना था। टूनार्मेंट में खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें विभिन्न चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों द्वारा बोली लगाकर अपनी-अपनी टीमें गठित की गईं।

### टीम मालिक एवं टीमें

सीए नितिन गरुड़ एवं सीए अरविंद होरा- विक्रम वॉरियर्स, सीए राजेश अग्रवाल एवं सीए अरविंद मंत्री - उज्जैन टाइगर्स, सीए सौरभ सोडानी एवं सीए जीतेंद्र थानी झ उज्जैन सुपर किंग्स, सीए अवनीश गुप्ता एवं सीए रुचिन अग्रवाल -टैक्स टाइटन्स, सीए आदित्य नामजोशी एवं सीए अंकुर गोयल - ऑडिटर्स चैलेंज, सीए राजेश सिंघी एवं सीए वैभव मनवानी - देवास रॉयल्स

### टूनार्मेंट परिणाम

लीग विजेताः देवास रॉयल्स, उपविजेताः उज्जैन टाइगर्स. लीग के आयोजन में वृंदावन धाम फार्म्स एवं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### व्यक्तिगत पुरस्कार



मैन ऑफ द सीरीजः सीए आतुष जैन, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजः सीए संदीप कुशवाहा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः सीए अरविंद होरा, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकः सीए अंशुल विजयवर्गीय

### इस आयोजन में मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों

सीए आशीष टोटला (उपाध्यक्ष), सीए अनिश चौधरी (सचिव), सीए मनीष राठी (कोषाध्यक्ष), सीए रितेश तलरेजा (सीकासा चेयरमैन), सीए आतुष जैन (सीपीई कन्वीनर) – द्वारा सभी सहयोगी संस्थाओं, टीम मालिकों एवं खिलाड़ियों का सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह टूनार्मेंट खेल भावना, आपसी सौहार्द एवं संगठनात्मक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। जानकारी ब्रांच इंचार्ज हसन चोबारावाला ने दी।

### छात्र-छात्राएं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर चित्र बनाएं एवं दिया संदेश

# भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का संकल्प एनएसयूई ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा प्रदेश स्तरीय ह्लएक पेड़ भविष्य के नामह्व अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पहले दिन पौधारोपण किया गया, वहीं इसके बाद प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल के नेतृत्व में रामजनार्दन मंदिर परिसर में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तराना विधानसभा विधायक महेश परमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी उपस्थित रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति, नदियाँ, झरने, समुद्र, बगीचे एवं पौधों जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया।एनएसयूआई द्वारा यह अभियान आगामी 15 दिनों तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने निवास स्थान के आसपास पौधारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महेश परमार ने कहा कि एनएसयूआई द्वारा चलाया जा रहा यह 15 दिवसीय अभियान सराहनीय पहल है। विद्यालयों में जाकर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। आज के बच्चे अपनी चित्रकला के माध्यम से हमारी पुरानी परंपराओं और प्रकृति प्रेम को दर्शाकर समाज में सकारात्मक संदेश दे रहे हैं, जो गर्व की बात है।

## खबर एक नजर...

### छात्र-छात्राएं और युवा करेंगे पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता

**उज्जैन।** मंगलनाथ मार्ग रोड स्थित शासकीय आयुर्वेदिक धन्वंतरी महाविद्यालय परिसर में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (ठरवक) द्वारा प्रदेश स्तरीय ह्लएक पेड़ भविष्य के नामह्व अभियान की शुरूआत की गई। प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल के नेतृत्व में औषधीय पौधों का रोपण कर 15 दिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अभियान आगामी 15 दिनों तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं हरियाली बढ़ाने के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवादल यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय बोडाना उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठरवक प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल ने कहा कि अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने निवास स्थान के आसपास पौधारोपण करना चाहिए। ठरवक सभी युवाओं से आह्वान करेगा कि वे अपने घरों एवं विद्यालय परिसरों में अधिक से अधिक पौधे लगाएं, ताकि समाज में पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश पहुंचे।

### गीता भवन में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बड़नगर।** आरडीगार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन के सौजन्य से गीता भवन में पर 7वाँ शिविर 5 जनवरी सोमवार को नि:शुल्क चिकित्सा रोगी चयन शिविर का आयोजित किया गया। शिविर मे डॉक्टर कैलाश शर्मा, डॉक्टर भूमिका भाबर, डॉ. वर्षा मुनिया व सहायक नवनीत गोस्वामी उपस्थित थे। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवानी द्वारा गीता भवन संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में कुल 45 लोगों का रजिस्ट्रेशन कर जांच की गई

# प्रतिबंध के बावजूद भी आसमान से कटकर आने वाली पतंग में बंधा रहता है चाइना का मांझा

## चोरी चुपके बिक रही है डोर, आधा दर्जन से अधिक लोग हो चुके हैं घायल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चाइना डोर से लोग घायल ही नहीं हो रहे बल्कि इस खतरनाक डोर से लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं। लोगों के साथ-साथ पक्षियों को भी ये डोर गंभीर रूप से घायल कर रही है। इस खतरनाक डोर से पिछले साल एक लड़की का गला कट गया था और उसकी मौत हो गई थी। और अब एक दिन पहले रविवार को भी इस खूनी डोर से एक पंडित विनय पिता घनश्याम तिवारी निवासी जीरापुर का गला कट गया। जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। इस बार भी अभी तक आधा दर्जन से अधिक लोग इस खूनी डोर से जख्मी हो चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी चोरी छुपे बाजार में इस डोर की बिक्री जारी है। हालांकि पुलिस लगातार इस खूनी डोर का उपयोग करने वालों की धरपकड़ में लगी हुई है लेकिन उसके बाद भी इसका इस्तेमाल हो रहा है। अक्सर देखा गया है कि आसमान से कटकर आने वाली पतंग में चाइना डोर का मांजा बंधा रहता है। ऐसी स्थिति में आप अनुमान लगा सकते हैं कि प्रशासन की रोक के बावजूद भी चाइना डोर चोरी छुपे मिल रही है और बेचने वाले से लेकर इस डोर का इस्तेमाल करने वाले लोगों में जरा भी हिचकिचाहट नहीं है। इस



खतरनाक चाइना डोर पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने के बावजूद भी डोर की चोरी छुपे बिक्री जारी है। चाइना डोर की चोरी छुपे हो रही बिक्री पर प्रशासन को संक्रांति से पहले मुस्तैद होकर इस पर रोक लगाना जरूरी है। नहीं तो इसकी चपेट में न जाने कितने लोग आएंगे और ऐसे ही मनुष्य, पशु, पक्षी इस डोर की चपेट में आकर जख्मी होते रहेंगे। इसके लिए प्रशासन को युद्ध स्तर पर भिड़ना चाहिए। ताकि गुपचुप तरीके से बिक रही चाइना डोर से कोई पतंग ना उड़ाए और इसकी चपेट में कोई नहीं आए। क्योंकि अभी तक जितनी भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चाइना डोर पर कार्रवाई की गई है उसके बावजूद भी इस डोर का पतंग उड़ाने में लोग इस्तेमाल कर रहे है। यह चोरी छिपे बेची जा रही है। इसका सबसे बड़ा सबूत यह है। कि आसमान से कटकर आने वाली अधिकतर पतंग में चायना का मांझा बंधा मिलता है। ऐसे में इस घातक चाइना डोर का अभी भी उपयोग जारी है। प्रशासन द्वारा हर बार संक्रांति के पहले इस चाइना डोर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाता है। और पतंग बाजार में पहुंचकर दुकानों की तलाशी लेकर चाइना डोर की बिक्री पर रोक लगाती है लेकिन उसके बावजूद भी यह चोरी छुपे बेची जा रही है।

7 दिसंबर को घास मंडी पाटीदार पुल पर विपुल महिवाल के गले में चाइना डोर उलझ गई थी जिसके गले में टांके लगाए गए थे 20 दिसंबर को आगर रोड खिलचीपुर नाका पर योगेश अंजना निवासी ग्राम पिपलिया धूमा का गला भी चाइना डोर से कट गया था। इसी तरह 27 दिसंबर को इंदिरा नगर आगर रोड पर तुलसीराम राठौर निवासी गायत्री नगर की नाक कट गई थी। 31 दिसंबर को जयसिंहपुरा में प्रेम पिता तिलक कुलवाडिया निवासी राजीव रत्न कॉलोनी का गला कट गया था इसी तरह 4 जनवरी 2026 को पंडित विनय पिता घनश्याम तिवारी निवासी जीरापुर का लाल पुल के पास चाइना डोर से गला कट गया। जिसे गंभीर अवस्था में वर्तमान में अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है।

## नगर निगम आयुक्त मिश्रा 23 दिन मसूरी में ट्रेनिंग पर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम उज्जैन में 23 दिन के लिए प्रशासकीय नेतृत्व परिवर्तित रहेगा। इस दौरान अपर आयुक्त एवं आईएएस संतोष टैगोर आयुक्त के पूर्ण कार्यभार में रहेंगे। संभागायुक्त आशीषसिंह के आदेश पर सोमवार को श्री टैगोर ने अपरांह में आयुक्त का पद भार ग्रहण किया है। इसके लिए संभागायुकत? ने पैनल से चयन कर आदेश जारी किए हैं।

नगर निगम के प्रशासन की कमान अगले 23 दिन के लिए अपर आयुक्त संतोष टैगोर संभालेंगे। वे पूर्व में नगर निगम उज्जैन,इंदौर में उपायुक्त एवं अपर आयुक्त के कार्यभार का निर्वहन कर चुके हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री टैगोर को हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा अवार्ड हुआ है। वर्तमान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा 30 जनवरी तक मसूरी में आयोजित ट्रेनिंग कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे। वे 5 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में आयोजित मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर आईएएस ऑफिसर्स (फेस 3 राउंड 24) में भाग लेने हेतु उपस्थित रहेंगे। ऐसे में आयुक्त के पद का पूर्ण दायित्व निर्वहन को लेकर संभागायुक्त आशीषसिंह ने नगर निगम उज्जैन से अधिकारियों के पैनल मांगा था। इसमें जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों एवं नगरीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के नाम का पैनल उन्हें भेजा गया था। संभागायुक्त श्री सिंह ने पैनल से नगर निगम उज्जैन में पदस्थ अपर आयुक्त संतोष टैगोर को अगले 23 दिनों के लिए आयुक्त के पद के पूर्ण दायित्व का आदेश जारी किया था। आदेश के क्रम में सोमवार अपरांह श्री टैगोर ने आयुक्त का पदभार ग्रहण किया है। गौरतलब है कि संभागायुक्त आशीषसिंह के इंदौर नगर निगम आयुक्त रहने के दौरान श्री टैगोर उनके साथ अपर आयुक्त के दायित्व में रहे थे।

# काचीगुड़ा- भगत की कोठी ट्रेन का बड़नगर में अधिकृत ठहराव

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

दक्षिण रेलवे के द्वारा विगत 19 जुलाई 25 से संचालित काचीगुड़ा-भगत की कोठी ट्रेन का बड़नगर में अधिकृत ठहराव नहीं होने से बड़नगर क्षेत्र के रेल प्रेमियों का मानस बहुत उद्वेलित था। जिसको क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया ने 04 जनवरी रविवार को बड़नगर में ट्रेन के विधिवत ठहराव दिलवा देने पर शांत किया।

इस उपलक्ष्य में पश्चिम रेलवे रतलाम रेल मंडल के एडीआरएम अक्षय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित ट्रेन ठहराव समारोह में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद फिरोजिया, विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या का रेल उपभोक्ता संघ बड़नगर के डॉ. नरेंद्र सिंह राजावत, राजकुमार जैन, डॉक्टर डीके विश्वास, दिलीप पंचाक्षरी, श्याम गुर्जर, ललितसुरेश



सोनी, सुभाष गुप्ते, डॉक्टर मधुसूदन राजावत, तोताराम वाघेला, विनोद मकवाना, धर्मेंद्र चौहान, डॉक्टर अभिजीत विश्वास, विजय सेन, सीपी सोनी, कलीमुद्दीन शेख, सीपी गोस्वामी, अतुल लाठी, हुसैनी भाई किलोलीवाला, मुस्तफा सैफी, प्रेमेंद्र बारोड़, सुंदरलाल चावला , संजय गोसर, शाकिर भाई जागीरदार, पवन वर्मा, राजेश राणा , विवेक काबरा , अनिल माली, प्रकाशचंद बम, सुभाष खाबिया, योगेंद्र आचार्य, विजय गोखरू, प्रेमचंद द्वितीय, सत्यनारायण शर्मा , रमेश राठौड़, प्रेमचंद खींची, प्रवीण भारती, दिनेश शर्मा, राजकुमार माथुर, हेमंत देशमुख, तरुण लालपरी चाय आदि ने गर्मजोशी और प्रसन्नता से सराबोर होकर ढोल धमाके के साथ सिरोपा बांध, मिठाई खिला, फूल मालाओं से लाद दिया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद फिरोजिया ने अपने सारगर्भित भाषण में बोला कि जनता को सोशल मीडिया का सहारा लेने के बजाय सीधे-सीधे मिलकर समस्या का समाधान करने पर विश्वास करना चाहिए और प्रयास करना चाहिए। ट्रेन ठहराव के इस शुभ दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे रेल उपभोक्ता संघ के सदस्यों ने अपनी बहुप्रतीक्षित काचीगुड़ा ट्रेन का बड़नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर प्रवेश करते ही उसका ढोल धमाके की थाप के साथ स्वागत किया और ट्रेन के लोको पायलट मोहम्मद आरिफ, रोहित कुमार और गार्ड संतोष शाह का पगड़ी और माला पहनाकर ,नारियल भेंट कर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया। समारोह का संचालन रेल अधिकारी हितेंद्र दीक्षित और आभार प्रदर्शन जनसंपर्क अधिकारी रेल मुकेश कुमार ने किया। समारोह के अंत में आगंतुक रेल प्रेमियों और अतिथिगण का स्थानीय स्टाकिस्ट और वितरक ₹लालपरी चाय₹ ने गरमागरम चाय पीला कर ट्रेन ठहराव आनंद में चार चांद लगा दिए।

# नगर पालिका बड़नगर में भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल: पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

नगर पालिका परिषद बड़नगर में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन नगर पालिका के शासकीय जाली (शासकीय संपत्ति) को चोरी-छिपे भंगार की दुकान पर बेचने और इस मामले में दोषियों को बचाने के प्रयासों के विरोध में आयोजित किया गया।

नगर पालिका के चार कर्मचारियों को नेता प्रतिपक्ष और पार्षदों ने शासकीय जाली को भंगार की दुकान पर बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। इस गंभीर मामले में प्रशासन द्वारा पक्षपात करते हुए चार के



स्थान पर केवल दो कर्मचारियों पर ही कार्यवाही की गई। इस भेदभाव और दोषियों को संरक्षण देने के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने नगर पालिका परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि नगर पालिका बड़नगर भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। शासकीय संपत्ति की खुलेआम चोरी हो रही है और जब रंगे हाथों पकड़ा जाता है, तो असली दोषियों को बचाया जा रहा है। सीएमओ की कार्यप्रणाली पूरी तरह संदेहास्पद है। हम शहर की जनता के हक की लड़ाई लड़ेंगे। यदि 8 दिनों के भीतर सभी दोषियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं हुई और शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी के बैनर तले नगर पालिका का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### प्रशासन को घेरा और प्रमुख समस्याएं रखीं

विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या और सीएमओ मंशाराम निगवाल को मौके पर बुलाया गया। कांग्रेस नेताओं ने इंदौर के भगीरथपुरा में हुई हालिया दुखद घटना का हवाला देते हुए बड़नगर के वाटर सप्लाई प्लांट का तत्काल निरीक्षण करने की मांग की। इसके साथ ही नगर में नामांतरण के लंबित प्रकरण, अतिक्रमण, साफ-सफाई, आवारा पशु जैसी समस्याओं के निराकरण के लिए आठ दिन का समय दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या और सीएमओ मंशाराम निगवाल ने आश्वासन दिया है कि अगले 8 दिवस के भीतर उक्त सभी समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन,पार्षद पति फकीर मोहम्मद, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र यादव, अनिल शर्मा, वासिफ काजी, नरेंद्र राठौड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**बड़नगर।** श्री गुजराती रामी माली समाज मंदिर पर 195 वी सावित्रीबाई फुले की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम प्रारंभ में सभी उपस्थित समाज जनों के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पितकर द्वीप प्रज्वलित किया गया। विनोद मकवाना के द्वारा सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्योतिबा फुले ने 1848 में पुणे में एक बालिका विद्यालय की स्थापना कर प्रथम शिक्षका बनाया गया आज अगर कोई महिला कलेक्टर है आईपीएस है तो वह सावित्रीबाई फुले की देन है प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश वाघेला ने कहा कि समय आ गया है माली समाज को आगे बढ़ने का, उपस्थित समाज जनों ने संकल्प पारित किया कि बड़नगर के चैराहे पर महात्मा फुले सावित्रीबाई फुले की मूर्ति की स्थापना करने के लिए 26 जनवरी 2026 को ज्ञापन एस डी एम व नगर पालिका अध्यक्ष को दिया जाएगा

## खबर एक नजर...

### पावागढ़ माताजी परिसर में माघ मेले के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

पिपलिया मंडी। कनघट्टी सड़क पर स्थित मां पावागढ़ माताजी मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी से 1 फरवरी 20266 तक आयोजित सात दिवसीय माघ मेले को लेकर 4 जनवरी को मंदिर परिसर में नगर के वरिष्ठ मोहनलाल गुप्ता के मुख्य अतिथि में तथा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संतोष परमार, डा अश्विन यती, आजाद सिंह पुंवार, प्राचार्य ओमप्रकाश गेहलोत, वरिष्ठ व्यापारी तथा सिंधी समाज के अध्यक्ष रुपचंद होतवानी, व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्ण कांत गुप्ता, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा, देवेन्द्र कराड़ा, हरिनारायण जोशी, वरिष्ठ पत्रकार रमेश तेलकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार, विश्व सिंधू सेवा संगम जिलाध्यक्ष शंकरलाल हरजानी, सुरेश हरजानी, राजेन्द्र हरजानी (बी आर)राजेन्द्र हरजानी (डी आर) दिलीप गुप्ता,रामप्रसाद पाटीदार, रमेश काबरा,समरथ रत्नावत, पाटीदार, वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर, लालचंद सैनी,सुरेश बौराना, भेरुलाल माली सहित आसपास गांवो से कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।संचालन हरिप्रसाद गेहलोत ने किया तथा आभार पवन कुमार घाटिया ने माना।

### ब्राह्मण महिला मंडल का संकल्प- चाइना डोर का उपयोग नहीं करेंगे

मन्दसौर। सकल ब्राह्मण महिला मंडल ने समाज में सुरक्षा का संदेश देते हुए जानलेवा चाइनीज मांझे के बहिष्कार का संकल्प लिया है। परशुराम वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक शपथ ली कि वे न तो स्वयं इसका उपयोग करेंगी और न ही परिवार व पड़ोस में किसी को करने देंगी। जिला संरक्षक बिंदु चन्द्रे ने कहा कि त्योहारों का आनंद सुरक्षित तरीके से सूती धागों के साथ लेना चाहिए। महिलाओं ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और गले में मफलर या दुपट्टा बांधने की भी आह्वान किया ताकि मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कार्यक्रम में मंडल की बिंदु चन्द्रे, गीता दुबे, कल्पना शर्मा, सुधा तिवारी, प्रतिभा भट्ट, उर्मिला शर्मा, राधा नागदा, पुष्पलता शर्मा, सीमा पाठक, संगीता नागदा, प्रियंका मोड, विद्या शुक्ला, संगीता जोशी, अनामिका जोशी, चंद्रकला शर्मा, सीमा शर्मा, तृप्ति त्रिवेदी, पूजा त्रिवेदी, ममता दुबे, सुनीता शर्मा, अमृता शुक्ला एवं प्रियंका जोशी ने भागीदारी की।

### जेल में कैदियों को नशा मुक्ति भारत अंतर्गत नशा न करने की शपथ दिलाई

नीमच। नशा शरीर के साथ आर्थिक नुकसान भी करता है वही सामाजिक रूप से बहिष्कृत होता है द्य इसी विषय को लेकर नशा मुक्ति भारत अंतर्गत अभियान में जिला जेल नीमच 450 बंदियों को जिला चिकित्सालय नीमच के डॉ द्वारा जानकारी प्रदान की तथा नशे से होने वाली बीमारियों के व नशा छोड़ कर अच्छे स्वास्थ्य की तथा सभी बंदियों ने नशा नहीं करने की प्रतिज्ञा ली श्री जीवन तिवारी श्री भूषण देश पांडे डॉ संगीता भारती सुनील तिवारी डॉ. अजीत सिंह शक्तवात एवं नारायण सिंह राणा जेल उप अधीक्षक एवम अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### मकर संक्रांति के पूर्व 51 गट्टे चाइनीज मांझा पकड़ा, आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। मकर संक्रांति से पूर्व जानलेवा चाइनीज मांझे के खिलाफ मन्दसौर पुलिस का अभियान तेज हो गया है। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने चौथी बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी अरशद (28) पिता रियाज मोहम्मद निवासी अभिनंदन नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर आरोपी के कब्जे से 30 हजार 600 रुपये मूल्य का 51 गट्टा मांझा जब्त किया। शहर कोतवाल पी.एस. राठौर ने बताया कि अब तक चार अलग-अलग मामलों में करीब 70 हजार रुपये का अवैध मांझा पकड़ा जा चुका है। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 (1) के तहत केस दर्ज किया गया है।

# सुरक्षित पेयजल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, दूषित पानी पर होगी तुरंत कार्रवाई

### कलेक्टर ने ली अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग ने स्पष्ट किया है कि जनता को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर पालिका और सभी नगरीय निकाय प्रत्येक वार्ड में विशेष दल गठित कर पेयजल स्त्रोतों की सघन जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी दूषित पानी की आपूर्ति न हो।

सोमवार को नगर पालिका सभागृह में आयोजित साप्ताहिक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिले की पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई और जल गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित सभी जनपदों के सीईओ और नगर परिषदों के सीएमओ मौजूद थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में टीम गठित कर कुओं, टंकियों और पाइपलाइनों की नियमित सफाई का शेड्यूल बनाया जाए। किसी भी जल स्त्रोत को खुला न छोड़ा जाए।



ड्रेनेज और पेयजल लाइन आपस में मिक्स न हो, इसकी विशेष निगरानी की जाए। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल मरम्मत की जाए। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वे समय-समय पर रैंडम सैंपलिंग कर जल की जांच कराएं। टंकियों पर सफाई की अंतिम तिथि अनिवार्य रूप से अंकित की जाए। उन्होंने पीएचई विभाग 15 जनवरी तक ग्राम पंचायतों की पेयजल योजनाओं को नियमानुसार सुपुर्द करने की प्रक्रिया पूरी करे।

बैठक के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित अधिकारियों को बैक्टीरिया टेस्ट और क्लोराइड टेस्ट सहित विभिन्न परीक्षणों की प्रक्रिया समझाई गई। कलेक्टर ने सभी निकायों को निर्देशित किया कि वे जीआईएस पोर्टल पर पेयजल लाइनों और संबंधित कार्यों की जानकारी अपडेट करें। जिन क्षेत्रों में वर्तमान में पेयजल स्रोत उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें चिन्हित कर सात दिनों के भीतर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### तीन लोगों ने जूता व्यापारी के साथ की मारपीट

रतलाम . शहर सराय इलाके में रविवार रात एक जूता व्यवसायी के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। विवाद दुकान के सामने खड़ी साइकिल को बाइक से टक्कर मारने की बात पर शुरू हुआ था। मारपीट की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद आरोपी अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर भाग गए। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर सराय निवासी जूता व्यवसायी फरहानउद्दीन अंसारी (27) ने पुलिस को बताया कि उनकी शहर सराय में जूते की दुकान है। रविवार शाम वह अपनी दुकान पर बैठे थे। दुकान के सामने उनकी साइकिल खड़ी थी। तभी एक व्यक्ति बाइक से कट मारते हुए निकला, जिससे साइकिल गिर गई। फरहानउद्दीन ने उसे बाइक सही चलाने के लिए कहा, तो वह गालियां देने लगा। फरहानउद्दीन ने जब गाली देने से मना किया, तो आरोपी वापस आने की बात कहकर वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह अपने साथ दो-तीन लोगों को लेकर आया।

# मंडी व्यापारी संघ के चुनाव में राकेश भारद्वाज 112 वोट से विजयी, पुनः अध्यक्ष बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

प्रदेश की प्रमुख कृषि मंडी में सोमवार नीमच की कृषि मंडी व्यापारी संघ के चुनाव में राकेश भारद्वाज ने 112 मतों से जीत हासिल की। इस चुनाव में कुल 1001 मतदाता थे। शाम 5.30 बजे तक 90 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार प्रयोग किया। इन्हीं मतों से अध्यक्ष सहित 10 सदस्यीय कार्यकारिणी का फैसला हुआ। कार्य कारिणी मतगणना में जहां देर रात तक गिनती चली और देर रात की घोषणा की गई द्य वहीं अध्यक्ष की गिनती सुबह तड़के हुई सुबह के बाद का परीक्षण अध्यक्ष के विजेता होने का निर्णय सुनाया गया। 20 साल बाद हुए इस चुनाव में बदलाव बनाम अनुभव की सीधी टक्कर थी। अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार मैदान में थे गोपाल गर्ग (जीजी) उर्फ शैलेश गर्ग और राकेश भारद्वाज (अफसर)। निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मित्तल ने बताया कि मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हुआ और शाम 5.30 बजे तक चला। कुल 1001 मतदाताओं में से 894 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद देर रात तक मतगणना की गई, जिसमें राकेश भारद्वाज को 502 और गोपाल गर्ग जीजी को 390 मत प्राप्त हुए। जबकि 2 मत निरस्त हुए हैं।

### गोल्ड और डॉलर में इन्वेस्ट का लालच देकर युवक से ठगे 11.5 लाख रू.

**मन्दसौर।** स्थानीय रामटेकरी मंदसौर पर अज्ञात आरोपी ने एक व्यक्ति के साथ आनलाईन फेसबुक व इंस्टाग्राम के माध्यम से गोल्ड और डालर में इन्वेस्टमेंट का लालच देकर 11 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

# समर्पण के प्रतीक नाहर का मॉर्निंग वॉक क्लब व अन्य ने किया सम्मान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

नगर के समाजसेवी शेखर नाहर को उनके निस्वार्थ सेवा कार्यों और सरल स्वभाव के लिए मॉर्निंग वॉक क्लब द्वारा एक होटल में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह में नाहर को विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया।

उक्त समारोह समाज सेवा को नई ऊर्जा देने वाला प्रेरणा स्त्रोत बन गया। समाजसेवी कनसिह चौहान वह कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नाहर की समाज के प्रति संवेदनशीलता केवल नगर तक सीमित नहीं बल्कि प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक उनकी प्रतिष्ठा स्थापित हो चुकी। ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान समाज की प्राथमिकता हो। उल्लेखनीय है कि मॉर्निंग वॉक क्लब में करीब 60-65 सदस्य का सक्रिय समूह होकर संदेश दिया कि समाजसेवियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना सामाजिक चेतना को मजबूत करता है। क्लब सदस्यों ने पुष्प मालाओं शाल श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष युसूफ कडपा, उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष कीर्ति शरण सिंह ,लायंस क्लब के यश जैन ,पप्पू सिंह, प्रकाश मंदलीया, प्रदीप शर्मा, पार्षद शिवम माथुर, इनके अलावा अन्य संगठनो ने भी स्वागत कर सम्मान किया। समाजसेवी नाहर ने अपने सम्मान के उत्तर में कहा कि मुझे सेवा की प्रेरणा अपने पिता स्वर्गीय मदनलाल नाहर पत्नी स्वर्गीय संगीता नाहर तथा माताजी इंदिरा नाहर से मिली । इस पद पर जीवन पर्यंत चलते रहने का संकल्प दोहराते हुए सेवा कार्यों में सहभागिता व सहयोग की अपील की।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

नीमच। मध्यप्रदेश बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में स्वर्गीय कश्मीरीलाल अरोरा स्मृति मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 5 जनवरी को नीमच में हुआ। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 5 से 9 जनवरी तक लायंस डेन एवं टाउन हॉल, नीमच में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश भर के शीर्ष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रायोजक एवं समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा ने स्वर्गीय कश्मीरीलाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी विशाल पिता श्री रूपसिंह जी, उम्र 25 वर्ष, निवासी पंवासा, मक्सी रोड़, उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 176/1 रकबा 0.330 हेक्टर, सर्वे नम्बर 176/2 रकबा 0.330 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 0.660 हेक्टर भूमि, ग्राम चौसला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-05/01/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट ऑफिस-ऊ-12**
**भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन, मोबाईल नम्बर- 94248 78460**

## फिल्म धुरंधर ने बनाया एक और रिकॉर्ड

# इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

आदित्य धर की फिल्म धुरंधर, जो 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, रिलीज के बाद से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। रणवीर सिंह स्टारर यह फिल्म अब रिलीज के 30 दिनों के भीतर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है।

फिल्म के प्रोड्यूसर्स में से एक जियो स्टूडियोज ने बताया कि धुरंधर ने भारत में पहले 30 दिनों में 806.80 करोड़ रुपए की कमाई की है। पहले हफ्ते में फिल्म ने 218 करोड़ रुपए नेट कमाए। दूसरे हफ्ते में कलेक्शन 261.5 करोड़ रहा। तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 188.3 करोड़ और चौथे हफ्ते में 115.70 करोड़ रुपए कमाए। शुक्रवार को फिल्म ने 9.70 करोड़ और शनिवार को 12.60 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ ही भारत में कुल कलेक्शन 800 करोड़ से ऊपर पहुंच गया। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1186.25 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है और कमाई जारी है। इससे पहले अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1234.1 करोड़ रुपए की नेट कमाई की थी, जिसमें से 812.14 करोड़ रुपए हिंदी मार्केट से आए थे।

वहीं, साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म जवान ने भारत में 640 करोड़ रुपए कमाए थे, जबकि विक्की कौशल की 2025 की फिल्म छावा ने 600 करोड़ रुपए की कमाई की थी। धुरंधर के दूसरे रिकॉर्ड की बात करें तो यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसने लगातार 28 दिनों तक भारत में डबल-डिजिट (10 करोड़ रुपए नेट से अधिक) कमाई की है। साथ ही, यह फिल्म साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म साबित हुई।






# धुरंधर के शरारत गाने पर पाकिस्तानी लड़कियों का डांस वायरल

## यूजर्स बोले- बहिष्कार के बाद इतना क्रेज

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर भले ही पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में बैन है लेकिन उसकी चर्चा अब भी जारी है। फिल्म के गाने वहां की शादियों में धूम मचा रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दो पाकिस्तानी लड़कियां फिल्म के शरारत गाने पर थिरकती नजर आ रही हैं।

सामने आए वीडियो में दो लड़कियां वेडिंग वेन्यू पर शरारत गाने पर नाचती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि वहां मौजूद लोग उन्हें चीयर करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया- 'पाकिस्तानी धुरंधर को बहुत पसंद कर रहे हैं। शायद वे आदित्य धर को निशान-ए-पाकिस्तान दे देंगे।'

एक यूजर ने लिखा- 'बैन के बावजूद फिल्म को लेकर इतना क्रेज है। वाह।' एक और यूजर ने लिखा- 'पाकिस्तान सबसे घटिया देश है, उन्होंने कहा था कि हम धुरंधर का बहिष्कार करेंगे, अब वे धुरंधर के गाने पर नाच रहे हैं, मीम्स, रील्स, टिक टॉक बना रहे हैं।' वहीं, इससे पहले भी पड़ोसी से मुल्क की शादी से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें तीन लड़कों ने फिल्म के टाइटल ट्रैक जोगी पर जमकर डांस किया था। उस वीडियो में भी वहां मौजूद लोग परफॉर्मेंस को एंजॉय और लड़कों को चीयर करते दिखे थे। बता दें कि फिल्म धुरंधर में शरारत गाने टीवी एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा और आयशा खान पर फिल्माया गया है। गाने को शाश्वत सचदेवा ने लिखा और कंपोज किया है। इसे जैसमीन सैंडलस और मधुबंती बागची ने अपनी आवाज दी है। वहीं, आदित्य धर की फिल्म धुरंधर 5 दिसंबर को वर्ल्ड वाइड रिलीज हुई थी। लेकिन फिल्म को पाकिस्तान के साथ-साथ बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में बैन का सामना करना पड़ा। बैन के बावजूद, धुरंधर 2025 में ओवरसीज में सबसे सफल भारतीय फिल्म चुकी है। फिल्म ग्लोबली पहले ही ?1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है।

# को-स्टार राजीव सिद्धार्थ को डेट कर रही कीर्ति कुल्हारी





**न्यू ईयर पर रोमांटिक फोटोज के साथ रिश्ता किया कन्फर्म, 2021 में हुआ था तलाक**



बॉलीवुड एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने नए साल के खास मौके पर अपना नया रिलेशनशिप ऑफिशियल कर दिया है। 40 साल की कीर्ति इन दिनों फोर मोर शॉट्स प्लीज को-स्टार राजीव सिद्धार्थ को डेट कर रही हैं। दोनों ने साथ मिलकर नए साल का जश्न मनाया, जिसकी कई तस्वीरें सामने आई हैं। कीर्ति कुल्हारी ने गुरुवार को सोशल मीडिया में राजीव सिद्धार्थ के साथ कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर कर रिलेशनशिप ऑफिशियल किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। नया साल मुबारक, हैप्पी 2026 आप सभी को।

**2021 में हुआ था कीर्ति-साहिल का तलाक-** कीर्ति कुल्हारी ने साल 2016 में एक्टर साहिल सेहगल से शादी की थी। ये शादी 5 सालों तक चली, जिसके बाद 1 अप्रैल 2021 में कीर्ति और साहिल ने तलाक की अनाउंसमेंट की थी। कीर्ति ने सालों पहले टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में बताया था कि शादी के बाद उनका फिल्मी करियर रुक गया था। इस समय उनके पति साहिल और ससुराल वालों ने उन्हें काफी सपोर्ट किया, जिससे वो कमबैक कर सकीं।

**जल्द फोर मोर शॉट्स प्लीज 4 में नजर आई कीर्ति कुल्हारी-** कीर्ति कुल्हारी का पॉपुलर शो फोर मोर शॉर्ट्स प्लीज 4 हाल ही में अमेजन प्राइम में रिलीज हुआ है। इसमें कीर्ति के साथ बानी जे, सयानी गुप्ता और मानवी गुगरू लीड रोल में हैं। कीर्ति कुल्हारी ने साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म खिचड़ी से एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी, जिसके बाद वो शैतान, पिंक, इंदू सरकार, मिशन मजनू जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी है। राजीव सिद्धार्थ की बात करें तो वो 2019 से फोर मोर शॉट्स प्लीज से जुड़े हुए हैं। वो इस शो के चारों सीजन का हिस्सा रहे हैं। इसके अलावा वो आश्रम, बेकाबू, हंड्रेड जैसी सीरीज का भी हिस्सा रहे हैं।

### प्रो कुश्ती लीग में उत्तर प्रदेश डोमिनेटर्स ने 52 लाख में खरीदा, विनेश फोगाट को कर चुकी चैलेंज

# अंतिम सबसे महंगी भारतीय रेसलर बनीं

ब्रह्मास्त्र ›› हिसार

हरियाणा के हिसार की उभरती हुई स्टार पहलवान अंतिम पंघाल ने प्रो कुश्ती लीग की नीलामी में इतिहास रच दिया है। दो बार की विश्व कुश्ती चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम को उत्तर प्रदेश डोमिनेटर्स ने 52 लाख रुपए की भारी-भरकम बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया। इसके साथ ही वह इस लीग के इतिहास में भारत की सबसे महंगी महिला रेसलर बन गई हैं।

अंतिम पंघाल हिसार की रहने वाली है गांव भगाना में उनका जन्म हुआ था। वह राम निवास पंघाल और कृष्णा कुमारी की पांच संतानों में से दूसरी सबसे छोटी संतान हैं। अंतिम पंघाल परिवार की सबसे छोटी लड़की हैं।

सरिता, मीनू और निशा, अंतिम की बड़ी बहनें हैं, जबकि भाई अर्पित, अंतिम के दो साल बाद पैदा हुआ, जो सबसे छोटा है। चार बहनों के बाद पिता ने अंतिम नाम रखा था।

पिता रामनिवास ने कहा बेटी अंतिम पर उनको गर्व है। उनको खुशी है कि उनकी बेटी की प्रतिभा को पहचाना गया। वहीं अंतिम पंघाल का कहना है कि अब मुझे लीग शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। खासकर जापान की युई सुसाकी के साथ मुकाबला काफी चुनौतीपूर्ण और रोमांचक होगा।




#### पहलवानी के लिए पिता ने बेची थी डेढ़ एकड़ जमीन

अंतिम के पिता रामनिवास ने अपनी बेटी को पहलवान बनाने के लिए जमीन तक बेची दी थी। अंतिम करीब साढ़े 8 साल से अभ्यास कर रही है। उनकी बेटी के अभ्यास करवाने के लिए जब आर्थिक तंगी आई तो उन्होंने अपनी डेढ़ एकड़ जमीन बेच डाली थी। रामनिवास की नजर में बेटी की कामयाबी की राह में आर्थिक परेशानी बाधा न बने, इसलिए जमीन बेचनी पड़ी। शुरूआती दौर में जो परेशानियां हुईं, अब अंतिम के कामयाब आने के बाद उन्हें भूलकर सब खुश हैं।

#### जापान की सुसाकी सबसे महंगी बिकी

नीलामी में केवल भारतीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहलवानों पर भी धनवर्षा हुई। सबसे महंगी खिलाड़ी जापान की युई सुसाकी को हरियाणा थंडर्स ने 60 लाख रुपये में खरीदा है। अंतिम सबसे महंगी भारतीय महिला प्लेयर हैं जिनको 52 लाख रुप, में उत्तर प्रदेश डोमिनेटर्स ने खरीदा है। सबसे महंगे भारतीय पुरुष में अमन सहरावत हैं जिनको 51 लाख रुपए में मुंबई टाइगर्स ने खरीदा है। पोलैंड के रॉबर्ट बारन को महाराष्ट्र केसरी ने 55 लाख रुपये और सुजीत कलकल को दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने 52 लाख रुपए में खरीदा है।

#### विनेश फोगाट के रिकॉर्ड की बराबरी कर चुकी

अंतिम पंघाल ने करीब 4 महीने पहले क्रोएशिया में 2025 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था। 21 वर्षीय रेसलर ने कांस्य पदक के मुकाबले में स्वीडन की एम्मा माल्मग्रेन को 9-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया था। इस परिणाम के साथ, अंतिम ने भारतीय कुश्ती इतिहास में अपना नाम और दर्ज करा लिया और विनेश फोगाट के बाद दो विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला रेसलर बन गईं थी । उन्होंने इससे पहले 2023 में भी कांस्य पदक जीता था। जिससे विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंतिम ने पूर्व रेसलर विनेश फोगाट की बराबरी कर ली थी।

#### विनेश ने प्रो लीग से 23 दिन पहले वापसी की

विनेश फोगाट ने हाल ही में करीब 23 दिन पहले प्रो लीग मुकाबले से पहले संन्यास वापस लेकर कुश्ती में लौटने का फैसला लिया था। उनका कहना था कि 2028 में लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में हिस्सा लेना चाहती हैं। विनेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर इसकी जानकारी दी थी। विनेश 2024 के पेरिस ओलिंपिक में फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय रेसलर बनी थीं। हालांकि, फाइनल से पहले उनका 100 ग्राम वजन ज्यादा निकला, जिससे वे डिसक्वालिफाई हो गईं। इसके बाद उन्होंने रेसलिंग को अलविदा कह दिया था। विनेश अभी हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं।

## वैभव सूर्यवंशी की 19 बॉल पर फिफ्टी




### 10 छक्कों के सहारे 68 रन बनाए, साउथ अफ्रीका अंडर-19 को 2 विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को साउथ अफ्रीका की अंडर-19 टीम के खिलाफ 19 बॉल पर फिफ्टी बनाई। उन्होंने 24 बॉल में 68 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 10 छक्के और एक चौका भी जमाया।

इस तरह उन्होंने 68 में से 64 रन बाउंड्री से बनाए। बेनोनी के विलोमूर पार्क स्टेडियम में वैभव ने छक्के से अपना खाता खोला। फिर फिफ्टी पूरी होते-होते 8 छक्के लगा दिए। 246 के टारगेट का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 12.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 115 रन बना लिए। तभी खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया। फिर 27 ओवर में 174 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। भारत ने 23.3 ओवर में मैच जीत लिया। वैभव की फिफ्टी से भारत की तेज शुरूआत 245 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम ने वैभव की फिफ्टी के सहारे तेज शुरूआत की। टीम ने 10 ओवर के पावरप्ले-1 में 2 विकेट पर 103 रन बना डाले थे। वैभव ने पहले ओवर में दो छक्के लगाए थे। 2-0 से आगे हुआ भारत वैभव 68 रन बनाकर आउट हुए। उनके विकेट के बाद खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा। तब तक भारत ने 115 रन बना लिए थे। भारत को 27 ओवर में 174 रन बनाने का नया टारगेट मिला। वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडु ने टीम को जीत दिला दी।

## विजय हजारे ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर मुंबई की कप्तानी करेंगे

### चोटिल शार्दूल ठाकुर टूर्नामेंट से बाहर, आज हिमाचल से मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ›› शिमला

विजय हजारे ट्रॉफी में अब मुंबई की कमान श्रेयस अय्यर संभालते नजर आएंगे। नियमित कप्तान शार्दूल ठाकुर के चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद अय्यर को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। घरेलू 50 ओवर के इस टूर्नामेंट में मुंबई अपना अगला मुकाबला कल हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेलेगी।

मुंबई क्रिकेट संघ ने सोमवार को जारी बयान में बताया- विजय हजारे ट्रॉफी के बचे हुए लीग मैचों के लिए श्रेयस अय्यर को मुंबई टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। संघ ने भरोसा जताया कि अय्यर के नेतृत्व में टीम का प्रदर्शन और बेहतर होगा।

**3 महीने बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर-** श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। फील्डिंग करते समय उन्हें पसली में चोट लगी थी, जिसके चलते उनका करीब 6 किलो वजन भी घट गया। चोट के बाद अय्यर ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी में ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन किया और अब वे वापसी के लिए पूरी तैयार है। करीब तीन महीने बाद अय्यर एक बार फिर मैदान पर खेलते नजर आएंगे।

**सूर्या-शिवम भी खेलेंगे-** सोमवार को जयपुर में सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे के टीम से जुड़ने से मुंबई को मजबूती मिली है। वहीं, मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ होने वाला मुकाबला श्रेयस अय्यर के लिए बेहद




अहम रहेगा। इस मैच में उनके प्रदर्शन स्तर के आधार पर ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मेडिकल टीम से उन्हें अंतिम मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

**वनडे सीरीज में चुने गए श्रेयस अय्यर-** 2 जनवरी को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मैच सिमुलेशन पूरा कर चुके हैं। फिटनेस को ध्यान में रखते हुए उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली भारत बनाम न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया है और उपकप्तान की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। हालांकि, अय्यर को मैदान पर उतरने का मौका अंतिम फिटनेस क्लीयरेंस मिलने के बाद ही मिलेगा।

**मुंबई अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर-** एलीट ग्रुप-सी में मुंबई क्रिकेट टीम पांच मैचों में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। नॉकआउट में जगह पक्की करने के लिए टीम को बचे हुए दो मुकाबलों में कम से कम एक जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि, महाराष्ट्र के खिलाफ 128 रन की हार के बाद मुंबई का नेट रन रेट घटकर 1.293 रह गया है, जिससे आगे के मुकाबले और भी अहम हो गए हैं।

## डेमियन मार्टिन की सेहत में सुधार कोमा से बाहर आए



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेमियन मार्टिन की सेहत में सुधार हुआ है। मेनिन्जाइटिस के चलते इंड्यूस्ड कोमा में रहने वाले 54 साल के मार्टिन अब होश में आ चुके हैं और डॉक्टर उन्हें जल्द ही आईसीयू से बाहर शिफ्ट करने की उम्मीद जता रहे हैं।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और उनके करीबी दोस्त एडम गिलक्रिस्ट ने बताया कि पिछले 48 घंटे में हालात पूरी तरह बदल गए हैं। गिलक्रिस्ट के मुताबिक, मार्टिन अब बात करने लगे हैं और इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मार्टिन को 27 दिसंबर को गंभीर हालत में ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बॉक्सिंग डे के दिन अचानक मार्टिन की तबीयत बिगड़ गई थी। डेमियन मार्टिन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 67 टेस्ट और 208 वनडे मैच खेलते हुए शानदार बल्लेबाजी की है। इसके अलावा वे चार टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में भी खेले हैं। अपने करियर में मार्टिन ने टेस्ट क्रिकेट में 4406 रन बनाए, जबकि वनडे में उनके नाम 5346 रन दर्ज हैं। 2006 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी वे क्रिकेट से जुड़े रहे। मार्टिन 1999 और 2003 की वर्ल्ड कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम में भी शामिल थे।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## चावल निर्यातकों की अपील

# किसानों की आय व वैश्विक हिस्सेदारी बचाने के लिए पैकेज जरूरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय चावल निर्यातक महासंघ ने केंद्रीय बजट में 'ग्रीन इंसेंटिव' और ब्याज पर छूट की वकालत की है। संघ ने बजट से पहले वित्त मंत्री को अपनी जरूरतों के बारे में बताया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। बजट चावल निर्यातकों के संघ आईआरईएफ ने बजट 2026 से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को औपचारिक ज्ञापन सौपा है। संघ ने सरकार से आगामी बजट में बासमती और गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लक्षित राजकोषीय और नीतिगत उपायों का खाका पेश करने की अपील की है। संघ ने वित्त मंत्री को भेजे अपने ज्ञापन में भारतीय अर्थव्यवस्था, ग्रामीण रोजगार और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिहाज से भारत के चावल निर्यात के महत्व के बारे में भी बताया।

संघ ने अपने पत्र में लिखा चावल क्षेत्र पर्यावरण से जुड़ी दिक्कतों से जूझ रहा है। (विशेष रूप से प्रमुख धान उत्पादक क्षेत्रों में भूजल की कमी), खरीद और भंडारण की उच्च राजकोषीय लागत और बाजार/अनुपालन अस्थिरता का सामना कर रहा है। केंद्रीय बजट 2026 लक्षित राजकोषीय और सहायक उपायों के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के साथ-साथ स्थिरता और किसानों के लाभों में सुधार कर सकता है। आईआरईएफ ने चावल मूल्य शृंखला में स्थिरता, प्रतिस्पर्धात्मकता और किसानों की आय को मजबूत करने के उद्देश्य से प्राथमिकता वाली मांगों को भी वित्त मंत्री से साझा किया है। इसमें पर्यावरण पर पड़ने वाले दबाव को कम करने और दीर्घकालिक उत्पादकता में सुधार लाने के लिए जल-बचत और कम उत्सर्जन वाली प्रमाणित पद्धतियों, जैसे कि वैकल्पिक गीलापन और सुखाने (एडब्ल्यूडी), सीधे बोए गए चावल (डीएसआर), लेजर भूमि समतलीकरण और ऊर्जा-कुशल पिसाई से जुड़े कर और निवेश प्रोत्साहन की मांग की गई।

## सीमित रिटर्न से परेशान निवेशक! कॉरपोरेट बॉन्ड बन सकता है नया सुरक्षित विकल्प

# खुल गई निवेश की एक नई खिड़की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

शेयर बाजार में सीमित रिटर्न निराश कर रहा है। इधर आम भारतीय निवेशक के पास सुरक्षित आय के नाम पर केवल एफडी या डाकघर की योजनाएं ही हैं। लेकिन 2026 में आप एक नया और अच्छे रिटर्न वाला विकल्प चुन सकते हैं, जिसके बारे जानकारी सीमित है। यह है कॉरपोरेट बॉन्ड, जो एक साल पहले तक आम आदमी की पहुंच से बाहर था।

आईटी प्रोफेशनल अमन ने अपनी मेहनत की कमाई का बड़ा हिस्सा शेयर बाजार में लगा रखा है। जब बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ा, तो अमन का पोर्टफोलियो डगमगाने लगा। वह चाहता था कि कुछ पैसा ऐसी जगह रखा जाए, जहां बैंक एफडी से ज्यादा रिटर्न मिले, लेकिन शेयरों जैसा जोखिम बिल्कुल न हो। अमन ने कॉरपोरेट बॉन्ड के बारे में सुना था, जहां बड़ी कंपनियां कर्ज लेती हैं और अच्छा ब्याज देती हैं। लेकिन यहां एंट्री की फीस थी कम से कम 10 लाख रुपये। अमन के लिए यह दरवाजा बंद था।

**सेबी के बड़े सुधारों से बदली तस्वीर-** 2023 तक इस बाजार में 99.5% हिस्सा केवल बड़े संस्थानों का था। आम निवेशक के लिए एंट्री में बाधा थी। सेबी ने जुलाई 2024 में प्राइवेट प्लेसमेंट वाले बॉन्ड्स की न्यूनतम निवेश सीमा को घटाकर महज 10,000 रुपये कर दिया। इसके बाद क्रमशः सुधारों से कुछ मामलों में तो यह 1,000 रुपये तक आ गया। तो आज अमन जैसे आम निवेशक वहां पैसे लगा रहे हैं, जहां पहले सिर्फ बड़े बैंक, वित्तीय संस्थान और अमीर लोग ही पैसा लगा पाते थे।

**क्या होते हैं कॉरपोरेट बॉन्ड-** कॉरपोरेट बॉन्ड एक ऋण साधन है, जिसे कोई कंपनी पैसा जुटाने के लिए जारी करती है। कंपनी (बॉन्ड जारीकर्ता) उन निवेशकों (बॉन्डधारकों) के माध्यम से अपनी जरूरत का पैसा प्राप्त करती है, जो बॉन्ड में निवेश करते हैं और बदले में वह कूपन भुगतान नामक ब्याज की निश्चित या परिवर्तनीय दर पर वार्षिक या समय-समय पर भुगतान करती है।



### क्यों बदल रहा है रिटेल निवेशकों का मूड?

- **रिटर्न का अंतर:** बैंक एफडी जहां आज भी 7.5% (सीनियर सिटीजन) पर अटकी हैं, वहीं अच्छी रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड्स 7-9.25% तक का रिटर्न दे रहे हैं।
- **स्थिरता का भरोसा:** शेयरों की तुलना में बॉन्ड्स कम अस्थिर होते हैं और बाजार की अनिश्चितता के समय पोर्टफोलियो को सहारा देते हैं।
- **नियमित आय:** रिटायर लोगों के लिए आय का सुरक्षित जरिया है।
- **टैक्स-दक्षता:** यदि लंबी अवधि के लिए रखा जाए, तो कुछ बॉन्ड्स को कैपिटल गेन टैक्स का लाभ मिलता है।

### एफडी से बेहतर हैं कॉरपोरेट बॉन्ड

अगर आप फिक्स्ड रिटर्न चाहते हैं और एफडी की घटती दरों से परेशान हैं, तो अच्छे रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड्स की ओर रुख करें। ये बैंक एफडी के मुकाबले अक्सर बेहतर रिटर्न देते हैं। निवेशक अपने पोर्टफोलियो को इक्विटी, गोल्ड और बॉन्ड्स के बीच बांटकर जोखिम कम कर सकते हैं। लेकिन याद रहे, ज्यादा रिटर्न के लालच में रेटिंग से समझौता न करें।

**- डॉ. वीके विजयकुमार**

**इसे उदाहरण से समझते हैं-** अगर आप 5 फीसदी निश्चित ब्याज देने वाले 10-वर्षीय बॉन्ड में 10,000 रुपये निवेश करते हैं, तो कंपनी कूपन भुगतान के रूप में प्रति वर्ष 500 रुपये देगी और बॉन्ड मैच्योर होने पर, यानी 10 वर्षों में मूल राशि 10,000 रुपये वापस कर देगी।

**घटती ब्याज दरों के दौर में बढ़ती है बॉन्ड्स की चमक-** ब्याज दरों में वर्तमान गिरावट, सरकारी संस्थाओं और कंपनियों के लिए कर्ज जुटाने के लिए बॉन्ड जारी करने के आकर्षण को बढ़ा रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनियों ने मई 2025 में पांच साल तक के बॉन्ड के माध्यम से 61,200 करोड़ रुपये जुटाए, जो मई 2024 की समान अवधि में जुटाई गई राशि का लगभग तीन गुना है।

### बॉन्ड्स में निवेश के लाभ

- **आय का स्थिर स्रोत:** नियमित ब्याज भुगतान (कूपन भुगतान) के माध्यम से एक लगभग तय आय प्रदान करते हैं।
- **पोर्टफोलियो विविधीकरण:** इक्विटी के साथ बॉन्ड्स को शामिल करके, निवेशक विभिन्न एसेट क्लासेस में अपना जोखिम फैला सकते हैं।
- **आकर्षक यील्ड:** वर्तमान माहौल में जहां ब्याज दरें कम या स्थिर हैं, कॉरपोरेट बॉन्ड्स बचत खातों या एफडी की तुलना में आकर्षक रिटर्न देते हैं।
- **वित्तीय लक्ष्य :** कॉरपोरेट बॉन्ड्स की विशिष्ट परिपक्वता तिथियां होती हैं, जिससे निवेशक जरूरतों के अनुसार अपना निवेश मैनेज कर सकता है।

## भारत नहीं रोकेगा रूस से आयात

# अमेरिका से समझौते पर हड़बड़ी नहीं



## निर्यात घाटे की भरपाई के लिए विकल्पों की तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए कहा कि रूस से कच्चे तेल का आयात पूरी तरह बंद नहीं होगा। द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) में प्रस्ताव पर अड़ा रहेगा और अमेरिका से निर्यात घाटा पूरा करने के लिए नए बाजार खोजे जाएंगे।

भारत ने अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी को तवज्जो नहीं दी है। भारत ने साफ कहा है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात पूरी तरह बंद नहीं करेगा। साथ ही, दिसंबर में द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत अमेरिका को दिए गए प्रस्ताव पर अड़ा रहेगा। अमेरिका से होने वाले निर्यात घाटे को पूरा करने के लिए नए बाजार की तलाश भी जारी रखेगा। भारत को आशंका है कि रूस से तेल आयात पर पूर्ण रोक के बाद अमेरिका नई शर्तें लाद सकता है। इसलिए, द्विपक्षीय समझौते के लिए न तो हड़बड़ी दिखा रहा है, न चीन की तरह जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि बीटीए की राह में सबसे बड़ा रोड़ा विश्वसनीयता का संकट है। बीते माह भारत ने अमेरिका के समक्ष रूस से तेल आयात पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ खत्म करने, शेष 25 फीसदी टैरिफ को 15 फीसदी करने का प्रस्ताव दिया था। बदले में अमेरिका से तेल का आयात बढ़ाने समेत कई क्षेत्रों में समझौते की पेशकश की थी। इसके बाद रूस से तेल आयात भी कम किया था।

## ऑनलाइन ईपीएफ निकालना और आसान: नियमों में हुआ बड़ा बदलाव

# अब सिर्फ तीन श्रेणियों में होगी पीएफ राशि की निकासी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पीएफ निकासी नियमों में बड़ा बदलाव किया है। पहले 13 श्रेणियों में बांटी गई राशि अब सिर्फ तीन श्रेणियों- अनिवार्य आवश्यकताएं, आवास और विशेष परिस्थितियों में ही निकाली जा सकेगी। आइए जानते है नए नियमों में क्या-क्या है?

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने निकासी नियमों में आमूलचूल बदलाव किए हैं। पुराने नियमों के तहत निकासी को 13 श्रेणियों में बांटा गया था। अब इन्हें घटाकर केवल तीन मुख्य श्रेणियों में सीमित कर दिया गया है- अनिवार्य आवश्यकताएं, आवास की आवश्यकताएं और विशेष परिस्थितियां।

**पूर्ण निकासी**

आप इन स्थितियों में अपनी पूरी एढक्रराशि निकाल सकते हैं

58 वर्ष की आयु पूरी होने पर या रिटायरमेंट पर।

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर।

स्थायी विकलांगता या काम करने में पूरी तरह अक्षमता होने पर।

स्थायी रूप से विदेश में बसने के लिए प्रवास करने पर।




**बेरोजगारी के दौरान:** नौकरी छूटने के तुरंत बाद आप 75 फीसदी राशि निकाल सकते हैं, और शेष 25 प्रतिशत राशि 12 महीने की बेरोजगारी के बाद निकाली जा सकती है।

**आंशिक निकासी**

ईपीएफ योजना के पैरा 68 के तहत, आप कुछ खास जरूरतों के लिए आंशिक निकासी कर सकते हैं-

**घर के लिए:** पांच साल की सेवा के बाद घर खरीदने, बनाने या नवीनीकरण के लिए और 10 साल की सेवा के बाद होम लोन चुकाने या आवास के लिए आप 90 फीसदी तक राशि निकाल सकते हैं।

**मेडिकल इमरजेंसी:** खुद के, जीवनसाथी, माता-पिता या बच्चों के इलाज के लिए किसी न्यूनतम सेवा की आवश्यकता नहीं है। आप अपने छह महीने के मूल वेतन और महंगाई भत्ते के बराबर राशि निकाल सकते हैं।

**शादी और शिक्षा:** सात साल की सेवा के बाद, आप अपनी, बच्चों की या भाई-बहन की शादी के लिए, या बच्चों की उच्च शिक्षा (10वीं कक्षा के बाद) के लिए अपने योगदान का 50% तक निकाल सकते हैं।

**रिटायरमेंट से पहले:** 54 वर्ष की आयु पूरी होने पर या रिटायरमेंट से एक वर्ष पहले आप 90 फीसदी राशि निकाल सकते हैं।

### ईपीएफ निकासी पर टैक्स का गणित

यदि आपने पांच साल की निरंतर सेवा पूरी कर ली है, तो रिटायरमेंट, इस्तीफा या नौकरी बदलने (यदि बैलेंस ट्रांसफर किया गया हो) पर पूरी निकासी टैक्स-फ्री होती है।

### समय से पहले निकासी पर लगेगा टैक्स

यदि 5 साल की सेवा पूरी करने से पहले पैसा निकालते हैं, तो टीडीएस कटेगा:

- **पेन देने पर:** 30,000 रुपये से अधिक की निकासी पर 10% टीडीएस।
- **पेन न देने पर:** अधिकतम सीमा पर 34.608% टीडीएस देना होगा।
- **टीडीएस कब नहीं कटता:** यदि निकासी 30,000 रुपये से कम है, या यदि आप पेन के साथ फॉर्म 15G/15H जमा करते हैं।
- **डिस्क्लेमर :** अपना पैसा में छपे विचार, राय और निवेश संबंधी सुझाव अलग-अलग विशेषज्ञों, ब्रोकर फर्मों या रिसर्च संस्थानों के हैं। इनसे अखबार या उसके प्रबंधन की सहमति जरूरी नहीं है।

## एआई से जुड़े विवाद पर एलन मस्क

# ग्रोक से अवैध कंटेंट बनाने वालों पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

ग्रोक एआई के विवादित कंटेंट बनाने के मामले में माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि जो यूजर एक्स के एआई टूल ग्रोक का इस्तेमाल करके अवैध, अश्लील या गैरकानूनी कंटेंट बनाएंगे, उनके खिलाफ वही कार्रवाई होगी जो ऐसा कंटेंट अपलोड करने वालों पर होती है।

माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने साफ कहा है कि जो लोग एक्स के एआई टूल ग्रोक का इस्तेमाल करके अवैध, अश्लील या गैरकानूनी कंटेंट बनाएंगे, उनके खिलाफ वही कार्रवाई होगी, जो ऐसा कंटेंट अपलोड करने वालों पर होती है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स को निर्देश दिया है कि वह ग्रोक से बने सभी अश्लील, आपत्तिजनक और गैरकानूनी कंटेंट को तुरंत हटाए। ऐसा न करने पर कानून के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में कहा कि ग्रोक को दोष देना ठीक नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कोई पेन अपने आप गलत बात नहीं लिखता, वैसे ही ग्रोक भी अपने आप गलत कंटेंट नहीं बनाता। यह पूरी तरह यूजर पर निर्भर करता है कि वह क्या इनपुट देता है। इसलिए जिम्मेदारी यूजर की ही होगी। मंत्रालय ने एक्स को 72 घंटे के भीतर यह बताने को कहा है कि उसने अब तक क्या कार्रवाई की है। मंत्रालय का कहना है कि उसे कई बार शिकायतें मिली हैं कि एक्स पर कुछ कंटेंट कानून के मुताबिक शालीनता और मयार्दा के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। यह मामला तब और गंभीर हुआ, जब राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर महिलाओं की फर्जी और अश्लील तस्वीरें बनाने के लिए ग्रोक के दुरुपयोग पर चिंता जताई। सरकार का कहना है कि ग्रोक का गलत इस्तेमाल कर कुछ लोग महिलाओं की छवि खराब करने वाले वीडियो और तस्वीरें बना रहे हैं, जो कानूनन अपराध है।

## दिल्ली विधानसभा में प्रदूषण पर हंगामा, चार आप विधायक निलंबित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुद्दा सोमवार को दिल्ली विधानसभा में भी गूंजा। शीतकालीन सत्र में उप राज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण की शुरूआत के साथ ही आप विधायक प्रदूषण पर चर्चा की मांग करने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शलों के जरिए चार आप विधायकों को सदन से बाहर कर दिया।

उप राज्यपाल के अभिभाषण में बाधा डालने के आरोप में चारों विधायकों को सत्र के बाकी तीन दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरूआत सोमवार को उप राज्यपाल के अभिभाषण के साथ हुई। उप राज्यपाल ने अपना अभिभाषण शुरू ही किया था कि मास्क पहनकर सदन में पहुंचे आप विधायकों ने प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी। आप विधायकों ने प्रदूषण की रोकथाम में नाकाम रहने के आरोप भी सरकार पर लगाए। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पहले तो आप विधायक संजीव झा को मार्शल के जरिए सदन से बाहर कर दिया। बाद में कुलदीप कुमार, सोमदत्त और जरनैल सिंह को भी बाहर कर दिया गया। इसके विरोध में आप के अन्य विधायक भी सदन से चले गए।

उप राज्यपाल के अभिभाषण के बाद जब दोबारा सदन शुरू हुआ तो कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने उप राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बाधा डालने की निंदा की। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा,आप विधायकों ने बिना वैध कारण के सदन में हंगामा करे सदन और उप राज्यपाल का अपमान किया है।

### विधानसभा परिसर में किया प्रदर्शन

सदन से बाहर होने के बाद आप विधायकों ने विधानसभा परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में विधायकों ने प्रदूषण की स्थिति को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आतिशी ने कहा कि प्रदूषण के मुद्दे पर जब भाजपा सरकार जनता के सामने नाकाम हो गई तो आप विधायकों को सदन से मार्शल के जरिए बाहर कर दिया गया।

## लक्ष्मी नगर में मां, भाई और बहन को मार डाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में सोमवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां मंगल बाजार में एक युवक ने अपनी मां, बहन और छोटे भाई की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद वह शाम पांच बजे खुद ही थाने में आत्मसमर्पण करने पहुंच गया।

आरोपी युवक ने जब पुलिसकर्मियों को अपने परिजनों की हत्या की बात बताई तो सभी हक्के बक्के रह गए। तत्काल आरोपी 25 वर्षीय यशवीर सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी 45 वर्षीय मां कविता, 24 वर्षीय छोटी बहन मेघना और 14 वर्षीय छोटे भाई मुकुल की हत्या कर दी है। तत्काल पुलिस उसके बताए पते पर मंगलबाजार क्षेत्र पहुंची तो घर के अंदर तीनों मृतकों के शव पड़े हुए थे। पुलिस ने क्राइम और एफएसएल की टीमों को मौके पर बुलाकर सुराग जुटाए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और मोबाइल फोन के डाटा की भी जांच कर रही है।

**मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है आरोपी :** पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि हत्यारोपी युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है। साथ ही परिवार आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा था। आरोपी ने पुलिस के सामने कुबूल किया कि पहले उसने परिवार के लोगों को नशीली दवाई देकर बेहोश किया और फिर वारदात को अंजाम दिया।

# आंध्र प्रदेश में तेल कुएं में गैस रिसाव से आग: 20 मीटर ऊंची लपटें उठ रहीं

## 3 गांव खाली कराए गए; 600 लोगों का रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





आंध्र प्रदेश के कोनसीमा में ऑयल एंड नेचुरल कॉर्पोरेशन (ONGC) के तेल कुएं में गैस रिसाव के बाद तेज आग लगी। 20 मी. ऊंची लपटें उठ रही हैं। 4 किमी रेडियस में आने वाले 3 गांव इरुसुमंडा, गुडापल्ली और लक्कावरम खाली कराए गए हैं।

(ONGC) के मुताबिक 600 लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। दो स्कूलों की छुट्टी की गई है। 5 जनवरी की दोपहर 12.20 बजे राजोले इलाके में मौजूद मोरी-5 कुएं की पाइपलाइन में लीकेज के कारण आग लगी। 20 मिनट बाद ही गैस ने आग पकड़ ली थी। कुआं दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ऑपरेट कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि राहत शिविरों में खाने-पानी की व्यवस्था की। मौके पर फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। (ONGC) ने बताया कि क्षेत्र सील कर कूलिंग ऑपरेशन शुरू कर दिए गए हैं और जरूरत पड़ने पर कुएं को कैप किया जाएगा। अभी किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है।

### पूरे इलाके को घेराबंदी कर सील किया गया

घटना की सूचना मिलते ही ONGC की टीमें मौके पर पहुंचीं और गैस रिसाव व आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। पूरे इलाके को घेराबंदी कर सील कर दिया गया है। वरिष्ठ जिला अधिकारी और ONGC के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। ONGC के इस कुएं का संचालन दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड कर रही है। कंपनी को साल 2024 में ONGC के राजामुंद्री एसेट में उत्पादन बढ़ाने के लिए करीब 1402 करोड़ का ठेका मिला था। जानकारी के मुताबिक तेल कुएं से उत्पादन अस्थायी रूप से रोका गया था और मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान अचानक तेज ब्लास्ट हुआ और गैस व कच्चा तेल तेजी से ऊपर की ओर निकलने लगा। कुछ ही देर में गैस में आग लग गई .

## शरीर में घुल जाती है टैटू की खतरनाक स्याही, प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा रहे हैं रसायन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टैटू की स्याही शरीर में धीरे-धीरे फैलती है, इससे हमारे इम्यून सिस्टम (प्रतिरक्षा प्रणाली) पर गहरा प्रभाव पड़ता है। हाल ही में इस संबंध में ब्रिटेन स्थित वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने एक अध्ययन किया है।

उनके मुताबिक, टैटू की स्याही सिर्फ त्वचा तक सीमित नहीं है। यह शरीर में प्रवेश करने के बाद फैलती है। दरअसल, स्याही के सूक्ष्म कण हमारे लिम्फेटिक सिस्टम के जरिए शरीर के अन्य हिस्सों में यात्रा करते हैं और अक्सर लिम्फ नोड्स में जमा हो जाते हैं। ये इम्यून सिस्टम का मुख्य हिस्सा हैं, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। वहां इनका जमा होना स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं पैदा कर सकता है। टैटू की स्याही कोई साधारण रंग नहीं, बल्कि एक जटिल रासायनिक मिश्रण है। अध्ययन में पाया गया है कि वर्तमान में इस्तेमाल होने वाले कई पिगमेंट मूल रूप से इंसानी शरीर के लिए नहीं, बल्कि कार पेंट, प्लास्टिक और प्रिंटर टोनर जैसे औद्योगिक कामों के लिए बनाए गए थे। कई स्याही में निकेल, क्रोमियम, कोबाल्ट और सीसा जैसी भारी धातुएं होती हैं, जो एलर्जी और जहरीले प्रभाव पैदा कर सकती हैं। रंगीन स्याही (खासकर लाल और पीली) में हानिकारक डाइझ्ह होती है। सूरज की किरणें या लेजर से टैटू हटवाते समय ये रसायन टूटकर ऐसे तत्व बना सकते हैं, जिनसे कैंसर की संभावना बढ़ जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, हमारा शरीर टैटू की स्याही को एक बाहरी दुश्मनह्न की तरह देखता है। इम्यून कोशिकाएं इन कणों को हटाने की कोशिश करती हैं, लेकिन कण बड़े होने के कारण वे त्वचा की कोशिकाओं में फंस जाते हैं, जिससे टैटू स्थायी हो जाता है। कुछ मामलों में देखा गया है कि टैटू वाले हिस्सों पर वैक्सीन लगाने से शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया थोड़ी कम हो सकती है। टैटू की स्याही इम्यून कोशिकाओं को सक्रिय रखती है, जिससे शरीर में लंबे समय तक सूजन बनी रहती है।

लाल स्याही से सबसे ज्यादा एलर्जी और ग्रैनुलोमा (सूजन वाली गांठें) होने की संभावना रहती है।

## आदेश : दिल्ली दंगा मामले में जमानत अर्जी खारिज, उमर और शरजील तिहाड़ में ही रहेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हिंसा से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत अर्जी खारिज कर दी। दोनों इस मामले में एक साल तक जमानत याचिका भी दाखिल नहीं कर सकेंगे। पिछले पांच वर्षों से यूएपीए के तहत दोनों तिहाड़ जेल में बंद हैं।

अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि पेश किए गए तथ्यों और सबूतों के आधार पर इन दोनों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून यानी ह्नगैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियमह्न (यूएपीए) 1967 के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। हालांकि, इसी मामले में कोर्ट ने पांच अन्य आरोपियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। जमानत पाने वालों में गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद शामिल हैं। जस्टिस अरविंद कुमार और एनवी अंजारिया की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, ह्नजीने का अधिकार संवैधानिक है, लेकिन कानून से उपर नहीं।ह्न पीठ ने कहा कि इस मामले में सभी आरोपियों की भूमिका अलग-अलग है, इसलिए जमानत याचिका पर फैसला करते समय सामूहिक दृष्टिकोण अपनाने के बजाए आरोपी की स्वतंत्र भूमिका का विश्लेषण किया गया है।

## उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम में रविवार रात को हिमपात के बाद पूरा क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर से ढक गया

# उत्तर भारत कड़ाके की ठंड में जकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़/श्रीनगर/रांची/पटना/



उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक ठंड ने अपना तीखा तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी और मैदानी इलाकों में उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के चलते तापमान तेजी से गिरा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की चेतावनी दी है। झारखंड में 14 जिलों में शीत दिवस घोषित किया गया है और छह जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी है। बिहार में मौसम विभाग ने 24 जिलों में शीत दिवस और 13 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। मध्यप्रदेश में भी कड़ाके की ठंड और कोहरे की दोहरी मार है। भोपाल, इंदौर समेत कई शहरों में स्कूलों का समय बदला गया है।

**हिमाचल में बर्फबारी शुरू-** शिमला। हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सोमवार को बर्फबारी हुई है। लाहौल स्पीति और चंबा जिला की ऊंची चोटियों पर आज दोपहर से ताजा बर्फबारी शुरू हुई। अटल टनल के नॉर्थ और साउथ पोर्टल सहित रोहतांग दर्रा, कोकसर, शिंकुला पास और लाहौल घाटी में बर्फबारी जारी है। सोलंग नाला से आगे वाहनों की आवाजाही रोक दी है।

### हरियाणा और पंजाब में ठिठुरे लोग

हरियाणा और पंजाब में सोमवार को कड़ाके की ठंड दर्ज की गई। हरियाणा का नारनौल सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हिसार में पारा 3.6 और भिवानी में 4.8 डिग्री तक गिर गया। पंजाब के बठिंडा और फरीदकोट में 4.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री रहा, जबकि दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम दर्ज हुआ।

कश्मीर में ठंड अपने चरम पर पहुंच गई है। गुलमर्ग में इस सर्दी की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। श्रीनगर में पारा माइनस 3.6, पहलगाम में माइनस 4.8 और कुपवाड़ा में माइनस 1.8 डिग्री तक गिर गया। कश्मीर इस समय चिल्ला-ए-कलां के दौर से गुजर रहा है, जिसमें कड़ाके की ठंड और बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक रहती है।

### अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर ऐतराज जताया

# ट्रंप ने भारत पर और टैरिफ थोपने की धमकी दोहराई

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत पर टैरिफ और बढ़ाने की धमकी दोहराई है। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्यूबा, कोलंबिया, मेक्सिको, ईरान और ग्रीनलैंड पर भी निशाना साधा।

अपने विमान एयर फोर्स वन पर रविवार को पत्रकार वार्ता में ट्रंप ने कहा कि मोदी रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं और वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना अहम है, क्योंकि वह व्यापार करते हैं और हम उन पर बहुत जल्द टैरिफ बढ़ा सकते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने को तैयार है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ट्रंप के साथ मौजूद अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ की वजह से ही भारत अब काफी कम मात्रा में रूस से तेल खरीद रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ग्राहकों पर दबाव डालना जरूरी है।

### क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं :

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के बाद ट्रंप ने कहा कि क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई करने की जरूरत नहीं, क्योंकि वह खुद ही बर्बाद हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि क्यूबा के पास अब आय का कोई जरिया नहीं है। उनकी सारी आय वेनेजुएला के तेल से होती थी।

### कोलंबिया बीमार देश

ट्रंप ने कहा कि कोलंबिया व वेनेजुएला दोनों बहुत बीमार देश हैं। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का जिक्र करते हुए कहा कि कोलंबिया को एक बीमार व्यक्ति चला रहा है, जो कोकीन बनाकर अमेरिका में बेचता है। पेट्रो बहुत लंबे समय तक ऐसा नहीं कर पाएगा।

मेक्सिको को लेकर ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको को व्यवस्था सुधारने की जरूरत है, क्योंकि उस देश के रास्ते मादक पदार्थ सप्लाई हो रहे हैं। अमेरिका को इस बारे में कुछ करना होगा। उन्होंने मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम को शानदार व्यक्ति बताया। ट्रंप ने कहा, मेक्सिको सरकार इस मुद्दे को सुलझाने में सक्षम है, लेकिन दुर्भाग्य से मेक्सिको में ड्रग माफिया बहुत मजबूत हैं।

## अमेरिका की धमकी पर ग्रीनलैंड, कोलंबिया-मेक्सिको का पलटवार



बगोटा/वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बाद ग्रीनलैंड, कोलंबिया और मेक्सिको ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। कोलंबिया के राष्ट्रपति ने कहा कि जरूरत पड़ी तो फिर से हथियार उठाऊंगा। वहीं, ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बहुत हो गया। वहीं, मेक्सिको ने ट्रंप की धमकी को गंभीर नहीं बताया।

वेनेजुएला में अमेरिकी सेना द्वारा सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य से की गई कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तीखी धमकियों पर कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कड़ा रुख अपनाया है। पूर्व गुरिल्ला नेता रहे पेट्रो ने कहा है कि यदि ट्रंप अपनी धमकियों पर अमल करते हैं, तो वह फिर से हथियार उठाने के लिए तैयार हैं। पेट्रो ने अपने एक्स पर लिखा कि मैंने कसम खाई थी कि दोबारा कभी हथियार नहीं उठाऊंगा, लेकिन मातृभूमि के लिए मैं फिर से ऐसा करने के लिए तैयार हूं।

वार्ता के लिए तैयार : ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस फ्रेडरिक नीलसन ने ट्रंप के उस बयान पर हमला किया है, उन्होंने कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेना चाहिए। नीलसन ने एक पोस्ट में कहा, हम वार्ता के लिए तैयार हैं पर यह अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत ही होना चाहिए।

धमकी गंभीर नहींः मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शैनबो ने कहा है कि ट्रंप की धमकी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि जबरन दखल से लोकतंत्र को हासिल नहीं किया जा सकता। इस तरह के फैसलों से न तो संपन्नता हासिल की जा सकती है और न ही स्थिरता कायम की जा सकती है।

तुर्किये ने भी चेतायाः तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने भी सोमवार को कहा, उन्होंने ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत में यह स्पष्ट किया है कि नेता निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाए जाने के बाद वेनेजुएला को अस्थिरता की ओर नहीं धकेला जाना चाहिए। कैबिनेट बैठक के बाद बोलते हुए, एर्दोगन ने यह भी कहा कि अंकारा (तुर्किये) वेनेजुएला के लोगों के साथ खड़ा रहेगा।

एक देश दुनिया का जज नहीं बन सकता : चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि हम नहीं मानते कि कोई भी एक देश दुनिया का पुलिसवाला बन सकता है या खुद को इंटरनेशनल जज होने का दावा कर सकता है।

### ट्रंप प्रशासन के साथ काम करने को तैयार : रोड्रिगेज

ब्रह्मास्त्र ›› कराकास/हवाना

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अमेरिकी सरकार को सहयोग के एजेंडे पर साथ काम करने का निमंत्रण दिया है।

रोड्रिगेज ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक संदेश में कहा कि वेनेजुएला शांति और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि हम अमेरिकी सरकार को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत साझा विकास की दिशा में सहयोग के एजेंडे पर साथ काम करने के लिए आमंत्रित करते हैं, ताकि स्थायी सामुदायिक सह-अस्तित्व को मजबूत किया जा सके। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, हमारे लोगों और हमारे क्षेत्र को युद्ध नहीं, बल्कि शांति और संवाद चाहिए। इधर, क्यूबा की सरकार ने रविवार को पहली बार आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया कि पिछले सप्ताह वेनेजुएला में हुए अमेरिकी सैन्य अभियान में उसके 32 अधिकारी मारे गए।

# अमेरिका में भारतीय महिला की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› लास वेगास

अमेरिका के मैरीलैंड राज्य से पिछले सप्ताह लापता हुई 27 वर्षीय भारतीय महिला मृत पाई गई है। पुलिस को संदेह है कि महिला के पूर्व प्रेमी ने उसकी हत्या की है और वह भारत फरार हो गया है।

मैरीलैंड के एलिकॉट सिटी की रहने वाली 27 वर्षीय निकिता गोडिशाला के लापता होने की रिपोर्ट दो जनवरी को दर्ज कराई गई थी। हॉवर्ड काउंटी पुलिस ने रविवार को बताया कि निकिता का शव कोलंबिया स्थित उसके पूर्व प्रेमी 26 वर्षीय अर्जुन शर्मा के अपार्टमेंट से बरामद हुआ है। शव पर चाकू के घाव थे। पुलिस ने अर्जुन शर्मा के खिलाफ हत्या के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट हासिल कर लिया है। जांचकताओं का मानना है कि शर्मा ने 31 दिसंबर को शाम करीब सात बजे निकिता की हत्या कर दी थी। पुलिस ने कहा कि फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चला है।



पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है, जल्द ही पूर्व प्रेमी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।

**पूर्व प्रेमी ने खुद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी:** अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी अर्जुन शर्मा ने ही खुद पुलिस में निकिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि उसने निकिता को आखिरी बार 31 दिसंबर को अपने अपार्टमेंट में देखा था। पुलिस जांच में पता चला कि दो जनवरी को गुमशुदगी की रपट दर्ज कराने के तुरंत बाद शर्मा भारत के लिए रवाना हो गया। अगले दिन जब जांचकताओं ने उसके अपार्टमेंट की तलाशी ली, तो वहां निकिता का शव बरामद हुआ।

### भारतीय दूतावास परिवार के संपर्क में

वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा कि वह गोडिशाला के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। दूतावास ने कहा कि हम इस मामले में स्थानीय अधिकारियों के साथ भी लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।

## आबादी बढ़ाने के लिए गर्भनिरोधक उत्पादों पर कर लगाया

बीजिंग। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक देश चीन इन दिनों तेजी से घटती आबादी समस्या से जूझ रहा है। इस संकट से निपटने के लिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सरकार ने अजीबोगरीब कदम उठाया है। चीन ने 1 जनवरी, 2026 से कंडोम और अन्य गर्भनिरोधक उत्पादों पर मिलने वाली टैक्स छूट खत्म कर दी है और उन पर 13 फीसदी वैट टैक्स थोप दिया है। सरकार के इस फैसले पर चीनी युवाओं ने कड़ा ऐतराज जताया है। बता दें, चीन ने अपनी सख्त एक बच्चा नीति को खत्म करके जनवरी, 2016 में दो बच्चा नीति लागू करने का आदेश दिया था, लेकिन एक दशक बाद भी वहां जनसंख्या में गिरावट लगातार जारी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, अगर यही हाल रहा तो 2100 तक चीन की आबादी 1.4 अरब से घटकर मात्र 63.3 करोड़ रह जाएगी। आंकड़े चौंकाने वाले : वर्ष 2024 में चीन में सिर्फ 95.4 लाख जन्मदर रही, जो 2016 की तुलना में लगभग आधे हैं। वहीं 2023 में भारत, चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया। चीन में इस वक्त प्रजनन दर 1.01 तक है, जो जनसंख्या को स्थिर (2.1) रखने से काफी कम है।

## मादुरो ने अमेरिकी अदालत में कहा, मैं नेक इंसान हूं...



ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तारी के बाद पहली बार सोमवार को मेनहैटन की एक अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान मादुरो ने खुद को निर्दोष बताया। नशा तस्करी और आतंकी साजिश से जुड़े आरोपों पर उन्होंने कहा कि वह कोई अपराधी नहीं, बल्कि अब भी अपने देश के निर्वाचित राष्ट्रपति हैं। अमेरिका ने मादुरो पर नार्को आतंकवाद फैलाने सहित कई आरोप लगाए गए हैं। कोर्ट में मादुरो ने कहा, वह बहुत नेक इंसान हैं। उन्हें वेनेजुएला से अगवा किया गया है। उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस ने भी आरोपों से इनकार किया। मादुरो ने अपनी पैरवी के लिए विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे के वकील की सेवाएं ली हैं। इससे पहले मादुरो और उनकी पत्नी अदालत पहुंचे।

### मादुरो से जुड़ी परिसंपत्तियां फ्रीज

स्विट्जरलैंड ने वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति मादुरो और उनके करीबी सहयोगियों से जुड़ी परिसंपत्तियों को फ्रीज कर दिया है। यह कदम मादुरो की अमेरिका द्वारा गिरफ्तारी और उन्हें न्यूयॉर्क ले जाए जाने के बाद उठाया गया। यह जानकारी स्विस सरकार ने सोमवार को दी।

### अखबार का दावा, खामेनेई ईरान छोड़ने की तैयारी में




**लंदन।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई देशभर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच देश छोड़कर भाग सकते हैं। ब्रिटिश अखबार ह्यद टाइम्सह्ल ने रविवार को दावा कि देशभर में जारी विरोध प्रदर्शन अगर और तेज होते हैं तो खामेनेई रूस भाग सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि वह प्रदर्शनकारियों पर गोली ना चलाएं, नहीं तो अमेरिका सीधे हस्तक्षेप करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, खामेनेई ईरान से 20 से कम लोगों के साथ रवाना होंगे।

### अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन नहीं किया

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने सोमवार को अमेरिकी कार्रवाई के बाद वेनेजुएला में अस्थिरता के और तेज होने को लेकर गंभीर चिंता जताई। कहा कि अमेरिकी कार्रवाई ने अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन नहीं किया। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की बैठक उस समय हुई, जब मादुरो को मैनहैटन की एक संघीय अदालत में नर्को-आतंकवाद की साजिश सहित मादक पदार्थों से जुड़े आरोपों पर पेश किया गया। यूएन में राजनीतिक मामलों की प्रमुख रोजमेरी डीकार्लो द्वारा परिषद में पढ़े गए बयान में गुटेरस ने कहा कि देश में अस्थिरता के और गहराने की संभावना है। कोलंबिया ने अमेरिकी अभियान की निंदा करते हुए इसे वेनेजुएला की संप्रभुता, देश की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का स्पष्ट उल्लंघन बताया। वहीं, अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 का हवाला दिया, जिसमें कहा गया किसी सदस्य देश पर हमला होने की स्थिति में सामूहिक आत्मरक्षा के अधिकार को बाधित नहीं कर सकता।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
11. धावक (अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पांव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार, आंवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

### ऊपर से नीचे

1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2, 3
10. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | | 42 | | 3 | | 8 | = | 77 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 42 | | 10 | | 2 | | 3 | = | 33 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 11 | | 3 | | 25 | | 4 | = | 32 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 45 | | 15 | | 20 | | 39 | = | 21 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 26 | | 20 | | 11 | | 40 | = | 33 / 20 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | व | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स | वै | ट | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | व | टि | ग | क | सो |
| धु | धी | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | ई | लं | ग | ओ | ग | व | द |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | जं | सी | मे | हि | प | सु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | वी | प | ल | न | ण |
| ने | व | म | य | या | वि | त्या | ई | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | थी | लो | नि | या | ल | ज | र | वा | त | थ |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | | 35 | 4 |
| | 2 | | 6 | 4 | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | | 24 | 1 | 30 | 6 |
| 7 | | | 4 | | 3 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# बस चलाते थे मादुरो, सत्य साईं बाबा के भक्त रहे: वेनेजुएला के राष्ट्रपति कैसे बने;



## अमेरिका पर 3 जानलेवा हमले के आरोप, अब कैदी बनाया...

**8 दिसंबर 2012 का दिन। वेनेजुएला के कैंसर ग्रस्त राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज और उनके करीबी निकोलस मादुरो लोगों के सामने टीवी स्क्रीन पर आए। चावेज 2 महीने पहले ही हेनरिक कैप्रिल्स को हराकर चौथी बार वेनेजुएला के राष्ट्रपति बने थे। चुनाव के दौरान उन्होंने कैंसर की बात छिपाई थी।**

टीवी पर उन्होंने संविधान की एक प्रति हाथों में लहराते हुए जनता से कहा, 'मेरा कैंसर वापस आ गया है और पूर्णिमा के चांद की तरह मेरी बिल्कुल साफ, अटल और दृढ़ सलाह है कि आप निकोलस को राष्ट्रपति चुनें। मैं आपसे दिल से अनुरोध कर रहा हूं, अगर मैं नहीं रहा, तो सिर्फ निकोलस उन युवा लीडर्स में से एक हैं, जिनमें सत्ता संभालने की अपार क्षमता है।' 3 महीने बाद ही चावेज की मौत हो गई और मादुरो अगले राष्ट्रपति बन गए। जबकि राष्ट्रपति पद की लाइन में चावेज के दामाद तक थे।



### मारिया का विरोध भारी पड़ा

अमेरिका, कभी वेनेजुएला से तेल खरीदता रहा है, लेकिन ह्यूगो चावेज के दौर से अमेरिका पर वेनेजुएला की अंदरूनी राजनीति में दखल देने के आरोप भी लगते रहे। 2002 में ह्यूगो का तख्तापलट करने की कोशिश हुई, इसमें अमेरिका का नाम आया। मादुरो के दौर में अमेरिका वेनेजुएला को लेकर और सख्त हो गया। 2017 में अमेरिका ने वेनेजुएला पर कई बैन लगाए। 2019 से अमेरिका मादुरो को वेनेजुएला का राष्ट्रपति नहीं मानता है। इसी साल अमेरिका ने मादुरो को नार्को-टेररिस्ट यानी अवैध ड्रग्स का धंधा करने वाला आतंकी करार देकर उन पर इनाम रखा था। इसी साल ट्रम्प ने इनाम की रकम दोगुनी कर दी थी। अमेरिका ने मादुरो पर आरोप लगाए कि वह ड्रग तस्करी में शामिल हैं। बीते कुछ महीनों में अमेरिकी नेवी और एयरफोर्स के जवानों ने वेनेजुएला से आने वाले जहाजों पर करीब 25 हमले किए। इनमें कम से कम 90 लोगों की मौत हुई। मारिया ने इस कार्रवाई की तारीफ करते हुए कहा कि ये वेनेजुएला में लोकतंत्र की बहाली के लिए जरूरी है। ये गिरोह अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

## चैप्टर-1

1960 का दशक। इस समय अगर अमेरिका का हर व्यक्ति औसतन 100 रुपए कमाता, तो वेनेजुएला का हर व्यक्ति 82 रुपए कमाता था। तेल उत्पादन ने वेनेजुएला को इतना अमीर देश बना दिया था कि उसे ह्यलैटिन अमेरिका का सऊदी अरबह्न कहा जाने लगा था।

इसी दौर में वेनेजुएला की राजधानी कराकस में 13 नवंबर 1962 को निकोलस मादुरो का जन्म हुआ। बाहर से वेनेजुएला की जो चकाचौंध दिखती थी, अंदर की हकीकत उससे काफी अलग थी। तेल से होने वाली कमाई सिर्फ ऊंचे तबके को मिल पाती, देश के ज्यादातर लोग बेहद गरीब थे। मादुरो के पिता जीसस निकोलस वर्कर्स के ट्रेड यूनियन के लीडर थे। मां टेरेसा हाउस वाइफ थीं, जो वेनेजुएला के ही पड़ोसी देश कोलंबिया की रहने वाली थीं। यहीं उनकी शादी जीसस निकोलस से हुई और दोनों वेनेजुएला आ गए। आगे चलकर ये बात मादुरो के राजनीतिक करियर का एक बड़ा रोड़ा बनने वाली थी। रॉक म्यूजिक और बेसबॉल के अलावा बचपन से ही मादुरो का एक और इंट्रेस्ट था- पॉलिटिक्स।

## चैप्टर-2

मादुरो ने हाईस्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। 21 साल की उम्र में वह वेनेजुएला के लेफ्ट लीडर रहे जोस विसेंट रेंगल के बॉडीगार्ड बन गए। इसके बाद उन्होंने बस चलाना शुरू कर दिया। वो आगे चलकर ट्रेड यूनियन लीडर भी बने। 1980 के दशक में मादुरो ने क्यूबा जाकर पॉलिटिकल स्टडीज का कोर्स किया। यहां लैटिन अमेरिका के वामपंथी नेताओं को शिक्षा दी जाती थी। उनके राजनीतिक विरोधी आरोप लगाते हैं कि क्यूबा में रहने के दौरान वहां की इंटेलिजेंस एजेंसी ने मादुरो को बतौर एजेंट काम पर रखा था। यह वह दौर था, जब तेल के दाम गिरने की वजह से वेनेजुएला में आर्थिक अस्थिरता आ गई थी। इसके खिलाफ ह्यूगो चावेज ने क्रांति शुरू की, जो आगे चलकर वेनेजुएला के राष्ट्रपति और मादुरो के गुरु बने। 1992 में चावेज ने वेनेजुएला में सत्ता पलटने की कोशिश की, लेकिन नाकामयाब हुए। इस समय तक मादुरो भी उनके संपर्क में आ चुके थे। 1999 में चावेज वेनेजुएला के राष्ट्रपति बने और इसके अगले ही साल मादुरो भी वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के मेंबर बन गए।

## चैप्टर-3

धीरे-धीरे मादुरो चावेज के भरोसेमंद बनते चले गए। वो 2005 में वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के प्रमुख बने और फिर 2006 में चावेज ने उन्हें अपना विदेश मंत्री बनाया। इसी समय एक बार उनका भारत आना हुआ। किसी राजनीतिक यात्रा पर नहीं, लेकिन अपने गुरु का आशीर्वाद लेने। निकोलस मादुरो सत्य साईं बाबा को अपना गुरु मानते थे। 2005 में वो आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में 'प्रशांति निलयम आश्रम' दर्शन के लिए आए थे। मादुरो के करीबी बताते हैं कि सत्य साईं बाबा की एक बड़ी तस्वीर उनके ऑफिस में भी लगी थी। 2011 में जब सत्य साईं बाबा की मृत्यु हुई थी, तब वेनेजुएला ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया था। इस समय मादुरो विदेश मंत्री थे। नवंबर में सत्य साईं की 100वीं सालगिरह पर उन्होंने एक मैसेज जारी किया था, 'मुझे हमेशा उनकी मुलाकात याद आती है...

# जून 2011 में चावेज को अपने कैंसर का पता चला

**जून 2011 में चावेज को अपने कैंसर का पता चला। चावेज कहते थे कि उन्होंने अपनी सेहत के साथ बहुत लापरवाही की। वो देर रात तक जागते थे और दिन में 40 कप कॉफी पीते थे। क्यूबा में चावेज की कीमोथेरेपी शुरू हुई। उनके सिर के बाल चले गए, पेल्विक सर्जरी की गई, लेकिन उन्होंने ये कभी नहीं बताया कि उन्हें कौन सा कैंसर था।**



2012 में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने थे। चावेज की पार्टी पार्टिडो सोशलिस्टा यूनिडो डी वेनेजुएला यानी ढरवश ने चावेज को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया। इस दौरान चावेज ने झूठ कहा कि डॉक्टर्स ने कहा है कि उनका कैंसर अब पूरी तरह खत्म हो गया है। वह नहीं चाहते थे कि उनकी बीमारी के चलते उनके प्रतिद्वंद्वी हेनरिक कैप्रिल्स चुनाव जीत जाएं। 7 अक्टूबर को चुनाव हुआ, वेनेजुएला की नेशनल इलेक्शन काउंसिल ने बताया कि चावेज को 74 लाख यानी 54% से ज्यादा वोट मिले, जबकि कैप्रिल्स को लगभग 61 लाख यानी करीब 45% वोट मिले। चावेज अगले 6 साल के लिए राष्ट्रपति बने थे। उन्होंने विदेश मंत्री मादुरो को अपना उपराष्ट्रपति बनाया। 2 ही महीने बाद चावेज की तबीयत फिर बिगड़ गई।

प्लेन पर चढ़ते हुए चावेज ने लोगों को फ्लाइंग किस दी। फरवरी 2013 में सरकार ने कहा कि चावेज वेनेजुएला लौट आए हैं और कराकस के मिलिट्री हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है। हालांकि इसके बाद उन्हें सार्वजनिक तौर पर कभी नहीं देखा गया। 5 मार्च 2013 को उनकी मौत की खबर आई।

वेनेजुएला के संविधान के मुताबिक, अगर राष्ट्रपति 6 साल के कार्यकाल में से 4 साल तक किसी वजह से पद पर न रहें, तो 30 दिन के अंदर नए चुनाव कराने होंगे। ढरवश की तरफ से मादुरो ही राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे। उन्होंने चुनाव के लिए नामांकन करवाते समय कहा, 'मैं चावेज नहीं हूं, लेकिन उनका बेटा हूं।' उनकी चुनावी रैलियों में लाउडस्पीकरों से चावेज की आवाज में गाया हुआ वेनेजुएला का राष्ट्रगान गूंजता था। एक रैली में मादुरो ने कहा, 'चावेज मुझे एक छोटी चिड़िया की तरह दिखे और उन्होंने कहा कि मैं तुम्हारे साथ हूं।'

अप्रैल 2013 में चुनाव हुए। इलेक्शन काउंसिल ने 50.8% वोट के साथ मादुरो को विजेता घोषित किया। जबकि उनके खिलाफ लड़े हेनरिक कैप्रिल्स को 49% वोट मिले। कैप्रिल्स ने ढरवश पर वोटों की गिनती में गड़बड़ी करवाने का आरोप लगाया। ढरवश के ट्विटर अकाउंट को हैक करके उसमें ढरवश पर ही चुनावी धांधली का आरोप लगाया गया। हालांकि मादुरो और ढरवश ने इन आरोपों को नकार दिया।

### विपक्ष ने चुनाव में धांधली के आरोप लगाए

इसके बाद तीन और राष्ट्रपति चुनावों में मादुरो की जीत हुई। हर बार विपक्षी दलों ने चुनावों में धांधली और गैरकानूनी तरीके से सत्ता हथियाने का आरोप लगाया।

2018 के चुनाव में मादुरो के खिलाफ जुआन गुआइदो विपक्षी उम्मीदवार थे। तब अमेरिका सहित 50 से ज्यादा देशों ने जुआन गुआइदो को वेनेजुएला के राष्ट्रपति के बतौर मान्यता दी, लेकिन वेनेजुएला पर मादुरो का ही शासन चलता रहा। वेनेजुएला की विपक्षी नेता और 2025 में नोबेल पीस प्राइज जीतने वाली मारिया मचाडो चावेज मादुरो के दौर में सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आवाज उठा रही थीं। मारिया का ऑर्गेनाइजेशन 'सुमाते' देश में निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग के लिए प्रदर्शन करता था। ह्यसुमातेह्न को लोकतंत्र को बढ़ावा देने वाले अमेरिकी संगठन नेशनल एंडोमेंट फॉर डेमोक्रेसी (ठएऊ) से लाखों डॉलर की फंडिंग मिलती रही है।

2002 में सुमाते के बैनर तले मारिया ने चावेज के भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोला, जिसके चलते उन पर देशद्रोह का आरोप लगा। कहा गया कि एलीट क्लास से आने वाली मारिया जॉर्ज बुश यानी तब के अमेरिकी राष्ट्रपति के इशारे पर काम कर रही हैं।

मई 2005 में मारिया बुश से मिलीं और उन्होंने खुद बताया कि एक लाख डॉलर की रकम मिली है। इसके बाद मारिया, चावेज की सरकार के निशाने पर आ गईं। तबसे उनके दो बेटे और एक बेटी अमेरिका में ही रहते हैं। बीते दिनों ऑस्लो में उनका नोबेल लेने उनकी बेटी ही पहुंची थीं।

2023 में मारिया राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ना चाहती थीं, लेकिन अयोग्य घोषित कर दिया गया। उनकी जगह एडमंडो गोंजालेज विपक्ष से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने। शासन ने मारिया की उड़ानों पर बैन लगा दिया, तो मारिया ने एडमंडो के लिए पूरे देश में पैदल चुनाव प्रचार किया।

■ वर्ष-12 अंक-65 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

दुराचारी च दुर्दृष्टिदुर्राऽऽवासी च दुर्जनः।
यन्मैत्री क्रियते पुम्भिर्नरः शीघ्र विनश्यति॥

**भावार्थ** : दुराचारी, दुष्ट स्वभाववाला, बिना किसी कारण दूसरों को हानि पहुँचानेवाला तथा दुष्ट व्यक्ति से मित्रता रखने वाला श्रेष्ठ पुरुष भी शीघ्र ही नष्ट हो जाते है क्योंकि संगति का प्रभाव बिना पड़े नहीं रहता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 06 जनवरी, 2026

बलं विद्या च विप्राणां राज्ञः सैन्यं बलं तथा।
बलं वित्तं च वैश्यानां शूद्राणां च कनिष्ठता॥

**भावार्थ** : विद्या ही ब्राह्मणों का बल है। राजा का बल सेना है। वैश्यों का बल धन है तथा सेवा करना शूद्रों का बल है।

## प्रकरणस्य अन्वेषणेन ज्ञातं यत् जनसमूहस्य आक्रमणस्य

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

सः वस्त्रकारखाने कार्यं करोति स्म। प्रकरणस्य अन्वेषणेन ज्ञातं यत् जनसमूहस्य आक्रमणस्य आधारेण दावानां समर्थनार्थं कोऽपि प्रमाणः न प्राप्तः। यदा सामाजिकमाध्यमेषु आरोपः आसीत् यत् दीपुचन्द्रदासः फेसबुक मध्ये धार्मिकभावनाः आहताः इति टिप्पण्याः स्थापितवन्तः, तदा अन्वेषणसंस्थाः वदन्ति यत् एतावता एतादृशानां पोस्ट्-टिप्पणीनां वा प्रमाणं न प्राप्तम्। बाङ्गलादेशे १२ दिवसेषु त्रयः हिन्दुजनाः मारिताः - २. बाङ्गलादेशे १२ दिवसेषु त्रयः हिन्दुजनाः मारिताः। १८ दिसम्बं दिनाङ्के दीपुचन्द्रस्य हत्यायाः अनन्तरं २४ दिसम्बं दिनाङ्के एकः हिन्दुयुवकः जनसमूहेन ताडितः अभवत्। राजबारीमण्डलस्य होसेन्दङ्गाग्रामे एषा घटना अभवत्। पुलिसेन मृतकस्य २९ वर्षीयः अमृतमण्डल उर्फ सम्राट् इति परिचयः कृतः। अमृतः उत्पीडनस्य आरोपेण जनसमूहेन मारितः इति पुलिसैः उक्तम्।

## सम्पादकीयम्

### द्वितीयविश्वयुद्धस्य

इन् प्राइज आफ एम्पायर्स् इति पुस्तके साम्राज्यवादीशासनैः प्रशासनिक-आर्थिक-समृद्धेः दृष्ट्या विश्वस्य अनेकभागेषु कथं लाभः अभवत् इति व्याख्यायते नवीन विश्व व्यवस्था। द्वितीयविश्वयुद्धस्य अनन्तरं अमेरिकादेशः सोवियतसङ्घं स्वस्य अस्तित्वाय प्रमुखं खतरा इति ज्ञात्वा असाम्यवादीजगतः शक्तिकेन्द्रं जातम्। अन्तर्राष्ट्रीयसहकार्यद्वारा नूतनविश्वव्यवस्थायाः निर्माणम् अस्य लक्ष्यम् आसीत्। अस्मिन् काले सर्वेषां देशानाम् नियमाः निर्माय संयुक्तराष्ट्रसङ्घः, विश्वबैङ्कः, इत्यादीनि संस्थानि स्थापितानि। समृद्धिः वर्धिता। अस्मिन् व्यवस्थायां विश्वेन दृष्टं महत्तमं वैश्वीकरणं समृद्धिः च दृष्टा। मैडिसनस्य अनुमानानुसारं १९५० तमे वर्षे २००३ तमे वर्षे च भारते प्रतिव्यक्तिं आयः ६१९ डॉलरतः २१६० डॉलरपर्यन्तं वर्धितः। अस्मिन् एव काले पश्चिम-यूरोपे प्रतिव्यक्ति-आयः ४,५७८ डॉलरतः १९,९१२ डॉलरपर्यन्तं, अमेरिकादेशे च ९,५६१ डॉलरतः २९,०३७ डॉलरपर्यन्तं वर्धितः। अमेरिकनप्रभुत्वेन सर्वासु कठिनतासु अपि समृद्धिः वर्धिता। चीनस्य उदयः। पूर्वमहाशक्तयः केवलं स्वलाभस्य विषये एव चिन्तयन्ति स्म। अमेरिकादेशः सर्वेषां लाभप्रदः अभवत्, सर्वेभ्यः अग्रे गन्तुं अवसरं दत्तवान्, यद्यपि तस्य लाभस्य भागः किञ्चित् न्यूनः अभवत्। द्वितीयविश्वयुद्धानन्तरं अमेरिकादेशः अस्याः नीतिः सुदृढः इति कारणेन अनेकदशकानि यावत् अस्याः नीतिः अनुसरणं कर्तुं समर्थः अभवत्। परन्तु वैश्वीकरणस्य नकारात्मकपक्षैः चीनदेशस्य उदयेन च तस्य युगस्य समाप्तिः अभवत्।

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे अद्य विहिप-बजरंगदलस्य कार्यकर्तारः

## नगरस्य माध्यमेन शौर्ययात्रायाः आयोजनं कृत्वा स्वस्य संगठनात्मकशक्तिं प्रदर्शितवन्तः



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे अद्य विहिप-बजरंगदलस्य कार्यकर्तारः नगरस्य माध्यमेन शौर्ययात्रायाः आयोजनं कृत्वा स्वस्य संगठनात्मकशक्तिं प्रदर्शितवन्तः। गोहलपुरक्षेत्रे अपराह्ने प्रायः एकवादने शौर्ययात्रा आरब्धा। सायं ५ वादनपर्यन्तं प्रचलति स्म, अत्रैव समाप्तम्। यात्रा नगरस्य विभिन्नक्षेत्रेषु गता, यथा मत्स्यविपण्यं, मिलौनीगञ्जं, कोतवाली च। यात्रा गोहलपुरलेमा उद्याने समाप्तुं युक्ता आसीत्, परन्तु तस्मिन् एव मार्गेण प्रत्यागतवती।

बजरङ्गदलस्य राष्ट्रियसंयोजकः किशनप्रजापतसहिताः अनेके हिन्दुनेतारः भागं गृहीतवन्तः इति सूचना अस्ति। पुलिसप्रशासनेन शौर्ययात्रायाः सज्जता अपि कृता आसीत्, यत्र विभिन्नेषु स्थानेषु पुलिसबलाः नियोजिताः आसन्। उच्चन्यायालये एकं प्रकरणं जित्वा विहिप-बजरंगदलस्य कार्यकर्तारः शौर्ययात्रायाः आयोजनं कृतवन्तः। यात्रा मुस्लिमप्रधानक्षेत्रं प्राप्तमात्रेण बजरङ्गदलस्य कार्यकर्तारः जयश्रीराम इति नापं कर्तुं आरब्धवन्तः। परन्तु घटनास्थले विशालः पुलिसबलः नियोजितः एव अभवत्।

गतवर्षे यदा विश्वहिन्दुपरिषदः बजरङ्गदलः च दमोहनाकातः शौर्ययात्राम् आकर्षयन्ति स्म तदा पुलिसैः जिलाप्रशासनस्य अनुमतिस्य अभावस्य कारणं कृत्वा तेषां रोधः कृतः। दीर्घकालं यावत् कोलाहलः अभवत्, अन्ते मार्गः परिवर्तितः। हिन्दुसंस्थाः गोहलपुरतः मोतीनाला, मस्जिद मार्केट् मार्गेण च आगन्तुं इच्छन्ति स्म। अस्मिन् वर्षे अपि विहिप-बजरङ्गदलेन च चतुर्थे दिसम्ब-दिनाङ्के शौर्ययात्रायाः आयोजनस्य निर्णयः कृतः आसीत्, परन्तु मण्डलप्रशासनेन तस्याः प्रतिबन्धः कृतः आसीत्। फलतः विहिपस्य विभागसमन्वयकेन ११ दिसम्ब दिनाङ्के उच्चन्यायालये शौर्ययात्रायाः विषये याचिका दाखिला, यस्याः श्रवणं १८ दिसम्बं दिनाङ्के अभवत्, निर्णयः आरक्षितः च। 22 दिसम्ब दिनाङ्के न्यायालयेन यात्रायाः सशर्तं अनुमतिः दत्ता, तदनन्तरं गोहलपुरतः शौर्ययात्रा भवति।

विशालपरियोजनानां

## कोटिवर्षपूर्वं डायनासोर-वृक्षाणां गृहम् आसीत

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

भेडाघाट-लम्हेटा-योः मध्ये ३५ कोटि-रूप्यकाणां व्ययेन निर्मितं देशस्य प्रथमं भूवैज्ञानिक-उद्यानम् अधुना साकारं भवति। कोटिवर्षपूर्वं डायनासोर-वृक्षाणां गृहम् आसीत् इति कारणेन अयं उद्यानः विशेषः अस्ति। अस्य भूवैज्ञानिकनिकुञ्जस्य माध्यमेन कोटिकोटिवर्षपुराणाः शिलाः, जीवाश्माः, पृथिव्याः विकासस्य कथा च अत्यन्तं आधुनिकरीत्या प्रदर्शिताः भविष्यन्ति। इदं उद्यानं न केवलं वैज्ञानिकानां शोधकर्तॄणां च निधिः सिद्धं भविष्यति, अपितु विद्यालयस्य छात्राणां पर्यटकानां च कृते ज्ञानस्य मनोरञ्जनस्य च अद्वितीयं समागमं प्रदास्यति अस्य उद्यानस्य विषये अन्तर्राष्ट्रीयं ध्यानं प्रारब्धम् अस्ति, येन जबलपुरं शीघ्रमेव यूनेस्को-विश्वविरासतां सूचीयां समाविष्टं भविष्यति इति आशाः उत्पन्नाः।

एतेषां विशालपरियोजनानां युगपत् समाप्तिः जबलपुरं महानगरत्वेन दृढतया स्थापितं इति संकेतं ददाति। रिंगमार्गात् केबलसेतुपर्यन्तं भूवैज्ञानिकपार्कपर्यन्तं एताः परियोजनाः न केवलं आधारभूतसंरचनानां सुदृढीकरणं कुर्वन्ति अपितु नगरस्य अर्थव्यवस्थां पुनः सजीवीकरणं कुर्वन्ति एतेषां उपहारानाम् कारणेन जबलपुरस्य अचलसम्पत्, होटेल, परिवहनक्षेत्रे च प्रचण्डः उल्लासः भविष्यति इति विशेषज्ञाः वदन्ति। नववर्षस्य प्रथमदिने एव एतेषां विकासानां प्रगतेः कारणात् नगरनिवासिनः विश्वासं प्राप्तवन्तः यत् २०२६ तमः वर्षः जबलपुरस्य गौरवपूर्णे इतिहासे स्वर्णवर्षं भविष्यति। सर्वकारस्य प्रशासनस्य च तत्परता स्पष्टं करोति यत् विकासस्य एषा गतिः स्थगितुं न अनुमन्यते, अत्यन्तं शीघ्रमेव, जबलपुरं देशस्य विकसिततमानां स्मार्टनगरानां च सूचीयां शीर्षस्थाने भविष्यति।

## राशिफल

**मेष** : आप खुद को पहले से ज्यादा एक्टिव और आत्मविश्वासी महसूस करेंगे। जल्दबाजी या गुस्सा नुकसान करा सकता है।

**वृषभ** : परिवार के साथ समय बिताने से मन हल्का रहेगा। काम में चीजें धीरे चलेंगी, लेकिन सही दिशा में जाएंगी।

**मिथुन** : दोस्तों या पुराने संपर्कों से कोई अच्छा मौका मिल सकता है। काम में आइडिया अच्छे आएंगे।

**कर्क** : परिवार और घर से जुड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें अच्छे से निभाएंगे।

**सिंह** : कामकाज में पहचान और तारीफ मिल सकती है। बस ध्यान रखें कि आत्मविश्वास अहंकार में न बदले।

**कन्या** : काम में स्थिरता रहेगी और भरोसा बढ़ेगा। घर और काम दोनों जगह संतुलन बनाकर चलना जरूरी है।

**तुला** : काम में आपकी मेहनत और समझदारी साफ दिखेगी। पैसों में धीरे-धीरे सुधार होगा और खर्चों पर कंट्रोल रहेगा।

**वृश्चिक** : दोस्तों या नेटवर्क से फायदा हो सकता है। बस जिद या टकराव से बचें। पैसों में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु** : रिश्तों में साफ और खुलकर बात करना फायदेमंद रहेगा। काम में धैर्य रखें, जल्दबाजी नुकसान दे सकती है।

**मकर** : भरोसेमंद लोगों के साथ ही अपनी बातें साझा करें। पैसों के मामले में संभलकर चलें।

**कुंभ** : काम में सीखने को मिलेगा और आगे के रास्ते साफ होते दिखेंगे। पैसों में धीरे-धीरे सुधार होगा।

**मीन** : आप भावनात्मक और कल्पनाशील रहेंगे। खुद पर भरोसा रखें और बेवजह की चिंता छोड़ें। पैसों में संतुलन बना रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# इस साल राज करेंगे ग्रहों के राजा सूर्य, इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन

वर्ष 2026 में कई राशियों के लिए भाग्य के नए द्वार खुल सकते हैं। आइए जानते हैं सभी 12 राशियों के लिए नया साल कैसा रहेगा। नववर्ष 2026 ग्रहों और नक्षत्रों की विशेष चाल के कारण कई राशियों के लिए सुख-सुविधा, तरक्की और खुशहाली लेकर आने वाला माना जा रहा है। साल की शुरूआत में ही गजकेसरी योग, लक्ष्मी नारायण योग और पंचग्रही योग जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं, जो सफलता और समृद्धि के संकेत देते हैं। अंक ज्योतिष के अनुसार 2026 का योगफल 10 (2+0+2+6) बनता है, जिसका मूलांक 1 है। इस मूलांक का स्वामी सूर्य है, जो आत्मबल, नेतृत्व, सम्मान और अधिकार का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि वर्ष 2026 में कई राशियों के लिए भाग्य के नए द्वार खुल सकते हैं। आइए जानते हैं सभी 12 राशियों के लिए नया साल कैसा रहेगा।

**मेष राशि-** वर्ष 2026 मेष राशि के जातकों के लिए बदलाव और आगे बढ़ने का संकेत देगा। करियर और निजी जीवन में नए अवसर सामने आएंगे। ग्रहों की स्थिति आपके आत्मविश्वास को मजबूत करेगी और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि करेगी, जिससे आप महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सफल रहेंगे।

**वृषभ राशि-** 2026 वृषभ राशि वालों के लिए आत्मबल, स्पष्ट सोच और स्थिरता का साल होगा। यह समय केवल योजनाएँ बनाने का नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारने का भी है। इस वर्ष आप अपने स्वभाव के सबसे संतुलित, भरोसेमंद और सशक्त रूप में नजर आएंगे।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए 2026 परिवर्तन और नए अवसरों से भरा रहेगा। जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे, हालांकि कुछ नई चुनौतियाँ भी सामने आ सकती हैं। ग्रहों का सहयोग आपको संतुलित निर्णय लेने और सही दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के लिए 2026 भाग्य का साथ देने वाला सिद्ध हो सकता है। गुरु का शुभ गोचर करियर में उन्नति, व्यापार में लाभ और वैवाहिक जीवन में स्थिरता प्रदान करेगा। लंबे समय से अटके काम पूरे हो सकते हैं। हालांकि स्वास्थ्य को लेकर सावधानी आवश्यक होगी, विशेष रूप से कंधे, पीठ और हाथों से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज न करें।

**सिंह राशि-** यह वर्ष सिंह राशि के स्वामी सूर्य का प्रभावी वर्ष माना जा रहा है। इसलिए इस राशि के जातकों को विशेष उपलब्धियाँ मिल सकती हैं। करियर में प्रगति, मान-सम्मान और आर्थिक लाभ के योग हैं। शनि की स्थिति कुछ उतार-चढ़ाव ला सकती है, लेकिन मेहनत के दम पर आप परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर पाएंगे।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के लिए 2026 करियर, शिक्षा और धन के मामले में आगे बढ़ने का समय होगा। सूर्य और गुरु का प्रभाव प्रमोशन, नई नौकरी या प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिला सकता है। जून के बाद व्यापार में नए समझौते और मुनाफे के संकेत हैं। पारिवारिक और वैवाहिक जीवन में संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए 2026 करियर और आर्थिक दृष्टि से अहम रहेगा। जून से अक्टूबर के बीच गुरु का प्रभाव रुके कार्यों को गति देगा और पेशेवर पहचान मजबूत होगी। शिक्षा, तकनीक और रचनात्मक क्षेत्रों में सफलता मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाए रखना आवश्यक होगा।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के लिए 2026 धन, करियर और शिक्षा में उन्नति का वर्ष साबित हो सकता है। राहु और गुरु के प्रभाव से अचानक धन लाभ और संपत्ति से फायदा संभव है। नौकरी में पदोन्नति और नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। पारिवारिक और दांपत्य जीवन में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए 2026 मिला-जुला रहेगा, लेकिन धीरे-धीरे परिस्थितियाँ बेहतर होंगी। साल की शुरूआत में पढ़ाई और करियर में कुछ अड़चनें आ सकती हैं, पर फरवरी के बाद हालात सुधरेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं और नौकरी में सफलता के योग बनेंगे।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए 2026 संघर्ष के साथ प्रगति देने वाला साल होगा। आर्थिक मामलों में अचानक लाभ संभव है, लेकिन गलत संगति से बचना जरूरी होगा। जून के बाद करियर में अच्छे अवसर और प्रमोशन मिल सकते हैं। स्वास्थ्य और जीवनशैली पर ध्यान देना आवश्यक रहेगा।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के लिए 2026 व्यापार और धन के मामलों में बदलाव लेकर आएगा। रुके हुए प्रोजेक्ट पूरे होंगे और नए कॉन्ट्रैक्ट मिल सकते हैं। विदेशी, ऑनलाइन और तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में शुरूआत में तनाव रह सकता है, लेकिन साल के अंत तक सुधार होगा।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए 2026 आर्थिक, करियर और शिक्षा के लिहाज से शुभ रहेगा। आय के नए साधन बनेंगे और पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। जून के बाद प्रमोशन और वेतन वृद्धि के योग हैं। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा, हालांकि मानसिक तनाव से बचना जरूरी होगा।

## खबर एक नजर...

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**उज्जैन।** भैरूनाला क्षेत्र के रहने वाले विवेक पिता विक्रम 20 साल ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत देख डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना जीवाजीगंज थाना पुलिस को दी गई है। बताया जा रहा है कि युवक किसी महिला से प्रताड़ित था। जो उस पर दबाव बना रही थी। फिलहाल पुलिस बयान दर्ज होने पर ही मामला स्पष्ट हो पायेगा।

### महाकाल दर्शन करने आ रहे युवक दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** महेश्वर के रहने वाले आनंद पिता मोहन भूरिया और प्रकाश पिता गणेश गिरवाल बाइक से रविवार सुबह उज्जैन महाकाल दर्शन करने के लिये निकले थे। रात में इंदौररोड पर पंथपिपलाई के पास उनकी बाइक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना की जानकारी पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल लाया गया। दोनों का उपचार चल रहा है। उनके पास मिले मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। जो सोमवार सुबह उज्जैन पहुंचे थे। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया था।

### सिक्युरिटी गार्ड के साथ 3 साथियों ने की मारपीट

**उज्जैन।** नीमनवासा में रहने वाला मोड़सिंह पिता पूरणसिंह 23 साल क्षिप्रा विहार कालोनी में सिक्युरिटी गार्ड का काम करता है। उसके साथ ही विशाल, आजाद और सरदार भी गार्ड है। रविवार रात मोड़सिंह ड्युटी पर था, तभी कार से तीनों साथी आये और मोड़सिंह को अपने साथ ले गये और सूनसान रास्ते पर कार रोक उसके साथ मारपीट की। तीनों उसे मौके पर छोड़ भागे। मोड़सिंह लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचा। उसका कहना था कि तीनों साथी है, उन्होने मारपीट क्यों की इसकी वजह पता नहीं है। अस्पताल स्टॉफ की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### स्कार्पियों चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बलाईखेड़ा फंटा पर 24 दिसंबर को स्कार्पियों क्रमांक एमपी 13 सीबी 0198 पलटी खा गई थी। स्कार्पियों में सवार नंदराम बैरागी और विष्णु मालवीय निवासी गायत्री कालोनी महिदपुर घायल हो गये थे। दोनों को अस्पताल ले जाया गया था। जहां उपचार के दौरान नंदराम बैरागी की मौत हो गई थी। पुलिस ने दुर्घटना के बाद मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच में आये तत्थों के आधार पर पाया गया कि चालक की लापरवाही से स्कार्पियों पलटी थी, जिसके चलते नंदराम की जान गई है। पुलिस ने 23 दिन बाद चालक के खिलाफ धारा 281, 125-ए, 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया है। चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### गाड़ी खड़ी करने की पर हुआ विवाद, 2 घायल

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के गांधीनगर में मोहम्मदी मस्जिद के सामने रात को गाड़ी खड़ी करने की बात पर गोविंद पिता नंदकिशोर यादव निवासी शिवशक्ति नगर का विवाद वहीं रहने वाले अनिस से हो गया। दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। अनिस ने लोहे के पाइप से गोविंद पर हमला किया। गोविंद को बचाने महेश पिता विनोद चौहान पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अनिस के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेना बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 7 | 8 |

## चाइना डोर बेचने वालों को ग्राहक बनकर पुलिस ने दबोचा

# प्रतिबंधित डोर की 25 रील मिली, मुख्य आरोपी की तलाश





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रतिबंधित खूनी चाइना डोर बेचने वाले को पुलिस ने ग्राहक बनकर सोमवार सुबह हिरासत में लिया। उसके 2 नाबालिग साथी भी पकड़े गये। तीनों की निशानदेही पर 25 रील बरामद की गई है। मुख्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। हिरासत में आये युवक का पुलिस ने दोपहर में जुलूस निकाला।

पतंगबाजी में उपयोग हो रही चाइना डोर 2022 में खूनी साबित हो चुकी है। डोर से होने वाले परिणाम काफी गंभीर सामने आ रहे है। मकर संक्रांति से पहले प्रशासन द्वारा प्रतिबंध आदेश जारी किये जा रहे है। बावजूद लोगों के गले कट रहे है। पुलिस लगातार प्रतिबंधित डोर बेचने और उड़ाने वालों की तलाश में लगी है। सोमवार सुबह महाकाल थाना पुलिस को खबर मिली कि बेगमपुरा ब्रिज के नीचे 3 युवकों द्वारा चाइना डोर बेचने का काम किया जा रहा है। थाना प्रभारी गगन बादल ने पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में ग्राहक बनाकर भेजा। कुछ देर बाद ही सैफ पिता सादिक अली नामक युवक और उसके 2 नाबालिगों से संपर्क हो गया। उन्होने जैसे ही चाइना डोर उपलब्ध कराई, पुलिस टीम ने उन्हे दबोच लिया। उनके पास से 25 रील बरामद की गई। तीनों को थाने लाया गया और बीएनएस की धारा 233 का प्रकरण दर्ज किया। नाबालिगों को नोटिस तामिल कराकर छोड़ा गया। वहीं सैफ अली का बेगमबाग क्षेत्र में जूलुस निकाला, इस दौरान खूनी डोर की होली भी जलाई गई। चाइना डोर बेचने वालों को गिरफ्तार करने में एएसआई शंकरलाल कनौजिया, प्रधान आरक्षक शैलेष योगी आरक्षक गोपाल और शशांक की भूमिका रही। थाना प्रभारी ने बताया कि सैफ के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में प्रकरण दर्ज कर दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया।

### नीलगंगा चौराहा से लेकर आये थे डोर

बताया जा रहा है कि चाइना डोर के साथ हिरासत में आये सैफ और दोनों नाबालिगों ने पूछताछ में बताया कि चाइना डोर की रील नीलगंगा चौराहा से प्रेम तिवारी नामक युवक से बेचने के लिये लेकर आये थे। प्रतिबंध लगा होने पर सिर्फ आर्डर लेकर ही बेच रहे थे। पुलिस के चौथे आरोपी का नाम सामने आने पर उसके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही है। हिरासत में आये तीनों से बरामद चाइना डोर की कीमत 8 हजार रुपए होना सामने आई है।

### अब तक पकड़े जा चुके है 14 युवक

प्रतिबंध लगा होने के बाद भी चाइना डोर बेचने के मामले में अब तक पुलिस 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमें नाबालिग भी शामिल है। नीलगंगा थाना पुलिस ने 14 दिसंबर को पांच युवकों का पकड़ा था। जिसमें 2 नाबालिग थे। उनके पास से 47 रील बरामद की गई थी। उसके बाद चिमनगंज थाना पुलिस ने 20 दिसंबर को अनाज मंडी परिसर से 3 युवकों को गिरफ्तार कर 23 रील बरामद की थी। 21 दिसंबर को नीलगंगा ने दूसरी कार्रवाई कर वाकणकर ब्रिज से एक युवक को गिरफ्तार कर 25 रील बरामद की थी। 2 जनवरी को फिर नीलगंगा पुलिस ने लोटि तिराहे से एकता नगर के 2 नाबालिगों को पकड़कर 2 रील जप्त की। अब महाकाल थाना पुलिस ने 2 नाबालिगों के साथ युवक को हिरासत में लेकर 25 रील बरामद की है। अब तक 112 रील के साथ 14 लोगों को पकड़ा जा चुका है।

# मायके से रुपए नहीं लाने पर विवाहिता का घर से निकाला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शादी के 10 साल बाद मायके से रुपए नहीं लाने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। विवाहिता के बच्चों को भी साथ नहीं भेजा और मानसिक प्रताड़ना दी। विवाहिता ने मामले की महिला थाना पुलिस और पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर गृहस्थ जीवन बचाने की गुहार लगाई है।



कुम्हार गली अब्दालपुरा में रहने वाली अंकिता शर्मा ने बताया कि वर्ष 2015 में किशोर शर्मा के साथ विवाह हुआ था। शादी के कुछ महिनों तक ससुराल वालों का व्यवहार ठीक रहा। उसके बाद दहेज कम लगाने पर मानसिक रूप से प्रताडित किया जाने लगा। पहली संतान पुत्री लक्षिता के होने पर ताने दिये जाने लगे। पुत्र दिव्यम के होने पर मामला कुछ शांत हुआ। पुत्री 9 साल और पुत्र 4 साल का हो चुका है। इस बीच ससुराल वालों द्वारा मानसिक रूप से दहेज के फिर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जबकि पिता ने हैसियत से बढ़कर आभूषण दिये थे। 4 साल पहले देवरानी मिनाक्षी शर्मा ने चोरी का झूठा आरोप लगाकर मेरे परिवार से 2.70 लाख रुपए दिलवाने का दबाव बनाया। पिता ने उधार लेकर राशि दी। कुछ महिनों बाद फिर से चोरी का आरोप लगाकर ढाई लाख की मांग की जाने लगी। पिता ने देने में असमर्थता जताई तो 4 अप्रैल 2025 को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। जब से मायके में रह रही हूं। मेरे दोनों बच्चों को भी ससुराल वालों ने रख लिया है। मिलने नहीं देते है। विगत कुछ माह से समझौते का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन पति और ससुराल वाले ढाई लाख लाने की बात कह रहे है। अंकिता शर्मा का कहना है कि उसके पति दूसरी महिला से संबंध है। ससुराल वाले मुझे अलग करना चाहते है। पति भी दूसरा विवाह करने की बात कह रहे है। पूर्व में महिला थाना पुलिस को शिकायत की गई थी, लेकिन समाधान नहीं हुआ। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर भी आवेदन देकर अपनी बात बताई गई है। वह बच्चों का भविष्य देखते हुए पति के साथ रहना चाहती है। अंकिता का कहना है कि पुलिस पति किशोर शर्मा को समझाईश दे जिससे उसका वैवाहिक जीवन बर्बाद ना हो। वहीं देहज की मांग करने और प्रताडित करने वाले सुसराल वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाये।

## हिरासत में आने पर मिली कमर में छुपाकर रखी कारतूस लगी पिस्टल

# 2 किमी तक भागा, बाइक फिसलने से टूटी टांग





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

डकैती और अवैध हथियार मामले में फरार बदमाश ने सोमवार शाम पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। 2 किलोमीटर तक उसे बाइक दौड़ाई लेकिन फिसलने पर उसका पैर टूट गया। हिरासत में आने पर उसके पास से कारतूस लगी पिस्टल बरामद हुई है।

पिछले वर्ष अवैध हथियारों के साथ डकैती की योजना मामले में ताजपुर का रहने वाला कुख्यात बदमाश अजमद पिता रहीम खान मेवाती फरार हो गया था। पंवासा थाना पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी नहीं होने पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार देर शाम एएसआई संतोष राव, सीताराम भूरिया, प्रधान आरक्षक विनोद ठाकुर, विनोद व्यास, आरक्षक पंकज पाटीदार, यशवंत मीणा, अमर, बिजेन्द्र भारती, महिला आरक्षक रीना सर्कल भ्रमण पर निकले थे। पिंगलेश्वर मार्ग पर फरार चल रहा बदमाश अमजद बाइक से उज्जैन की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे देखा तो पकड़ने के लिये पीछा किया। बदमाश ने बाइक की रफ्तार तेज कर भागने का प्रयास किया, लेकिन 2 किलोमीटर जाने के बाद बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बदमाश गिर गया। उसके पैर में चोंट लगी, जिसके चलते वह उठकर भाग नहीं सका। पीछे आ रही पुलिस टीम ने उसे दबोचा और पल्सर बाइक उठाई। बदमाश ने कमर में पिस्टल छुपाकर रखी थी। जिसमें कारतूस भी लगा था। पुलिस ने पिस्टल जप्त की। बदमाश चल नहीं पा रहा था, उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां पैर में फैक्चर होना सामने आया। उसे अभिरक्षा में भर्ती कराया गया है।

**बदमाश पर दर्ज है 15 से अधिक अपराध-** पंवासा थाना प्रभारी गमर मंडलोई ने बताया कि फरार इनामी बदमाश पर 15 से अधिक अपराधिक प्रकरण दर्ज है। वह संगठित अपराधों में भी शामिल है। पूर्व में वह गौवंश वध, अवैध शराब तस्करी, जुआ, मारपीट, जान से मारने की धमकी, अवैध हथियार रखना, डकैती की योजना, धार्मिक भावना को आहत करने के साथ साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने जैसे गंभीर अपराधों का आरोपी रह चुका है। उसके खिलाफ पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है, बावजूद उसके अपराध कम नहीं हो रहे थे। वर्तमान में उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) की कार्रवाई भी प्रस्तावित है।

**आज दोपहर कोर्ट में करेगें पेश-** थाना प्रभारी मंडलोई के अनुसार बदमाश को मंगलवार दोपहर अस्पताल से छुट्टी कराकर कोर्ट में पेश किया जायेगा। जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा जायेगा। बदमाश के खिलाफ आम नागरिक न्यायालय में गवाही देने पर भी भयभीत रहते है। जिसके चलते उसके खिलाफ प्रस्तावित रासुका की कार्रवाई को भी जल्द पूरा कराया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com